कोटद्वार, शुक्रवार
27 जून 2025
वर्षः 47
अंकः 61 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## टैंपो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिरा , तीन की मौत, कई लापता



रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में फिर बड़ा सड़क हादसा हुआ है। जिले के घोलथिर इलाके में एक टेंपो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर अलकनंदा नदी में गिर गया। एसपी रुद्रप्रयाग अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने खुद इस बारे में जानकारी दी।उन्होंने बताया कि गुरुवार 26 जून को सुबह रुद्रप्रयाग से 12 किमी आगे घोलतीर के पास 31 सीटर बस के खाई में गिरने की सूचना मिली थी।रेस्क्यू कार्य के साथ ही इस दुर्घटना के बारे में जानकारी करने पर इसमें वाहन चालक सहित कुल 20 व्यक्ति इस दुर्घटना का शिकार हुए हैं।इनमें से 08 लोग घायल हैं, जो कि दुर्घटना के समय बस से छिटक गये थे।इनका रेस्क्यू किया गया है, जिनकी हालत ज्यादा गंभीर थी, उन्हें हायर सेंटर भेजा गया है।इसके अलावा तीन लोगों की लाश मिली है।बाकी की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है।

**रुद्रप्रयाग बस हादसे में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया इस दुर्घटना में वाहन चालक की लापरवाही व अन्य तकनीकी कारण सामने आये हैं।फिर मामले की विस्तृत जांच के लिए पुलिस के स्तर से कोतवाली रुद्रप्रयाग में भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे मे डालना), धारा 106 (लापरवाही से मृत्यु कारित करना) और धारा 281 (सार्वजनिक मार्ग पर लापरवाही से वाहन संचालित करना) सम्बन्धी अभियोग पंजीकृत किया गया है, जिसकी विवेचना जारी है।इससे पहले ड्राइवर ने कहा था कि बस को एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मारी, जिस कारण बस खाई में गिर गई।

बता दें कि फिलहाल दुर्घटना में तीसरे व्यक्ति (01 महिला) का शव अलकनन्दा नदी में धारी देवी/डुंगरीपन्थ क्षेत्रान्तर्गत बरामद हुआ है, जिसकी शिनाख्त करायी जा रही है।इस प्रकार से इस दुर्घटना में फिलहाल मृतकों की संख्या तीन, घायलों की संख्या आठ और लापता चल रहे व्यक्तियों की संख्या नौ है।

टेंपो–ट्रेबलर दुर्घटना में घायल

1– दीपिका सोनी, निवासी सिरोही मीना वास, राजस्थान उम्र 42 वर्ष।

2– हेमलता सोनी, निवासी प्रताप चौक, गोगुण्डा गोगुण्डा, राजस्थान, उम्र 45 वर्ष।

3– ईश्वर सोनी, निवासी ई 202 पर्वत सिलिकॉन पैलेस, नियर अर्चना स्कूल, गुजरात उम्र 46 वर्ष।

4– अमिता सोनी, निवासी 701 702 बिल्डिंग नं. 3 मीरा रोड, महाराष्ट्र, उम्र 49 वर्ष।

5– सोनी भावना ईश्वर, निवासी ई 202 पर्वत सिलिकॉन पैलेस, नियर अर्चना स्कूल, गुजरात, उम्र 43 वर्ष।

6– भव्य सोनी, निवासी ई 202 सिलिकॉन पैलेस, बाम्बे मार्केट, नियर अर्चना स्कूल, गुजरात, उम्र 07 वर्ष।

7– पार्थ सोनी, निवासी वार्ड नं. 11, राजगढ़, वीर सावरकर मार्ग ग्राम राजगढ़ मध्य प्रदेश, उम्र 10 वर्ष।

8– सुमित कुमार(चालक), पुत्र नरेश कुमार, निवासी बैरागी कैम्प, हरिद्वार, उम्र 23 वर्ष।

### सीएम धामी ने जताया गहरा दुख


मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जनपद रुद्रप्रयाग में एक टेंपो ट्रैवलर के नदी में गिरने का समाचार अत्यंत दुःखद है। एसडीआरएफ सहित अन्य बचाव दलों द्वारा युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में निरंतर स्थानीय प्रशासन से संपर्क में हूं। ईश्वर से सभी के सकुशल होने की प्रार्थना करता हूं।

### महाराज ने ट्रैवलर बस दुर्घटनाग्रस्त होने पर चिन्ता जताते हुए मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की

देहरादून। जनपद रुद्रप्रयाग, घोलतीर के समीप बद्रीनाथ हाईवे पर हुई मिनी ट्रैवलर बस के दुर्घटनाग्रस्त होने पर प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोकनिर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने चिंता जताते हुए हादसे में मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त कर घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। महाराज ने कहा कि हादसे में मारे गए, घायल यात्रियों को निकालने और लापता यात्रियों की खोज के लिए एसडीआरएफ 40 किमी तक रेस्क्यू अभियान चला रही है। बस दुर्घटना में घायल यात्रियों के उपचार हेतु राहत कार्य लगातार जारी है। गंभीर रूप से घायलों के त्वरित ईलाज हेतु उन्हे हेली एम्बुलेंस की सहायता से एआईआईएमएस ऋषिकेश भेजा गया है। प्रशासन पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## दर्दनाक सड़क हादसा, सहकारी बैंक प्रबंधक की मौत

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग–पोखरी मोटरमार्ग के सन बैंड के पास बुधवार रात एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि कार अनियंत्रित होकर ऊपर सड़क से 200 मीटर नीचे गिरकर नीचे सड़क में अटक गई, लेकिन कार के पहाड़ी से गिरने से परखच्चे उड़ गए। घटना में चमोली जिला सहकारी बैंक सतेराखाल शाखा के मैनेजर की दर्दनाक मौत हो गई। उक्त व्यक्ति को पुलिस ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किया गया। गुरुवार को पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है।



जानकारी के अनुसार बीती बुधवार की देर रात्रि सवा 11 बजे के लगभग पुलिस को सूचना मिली कि सनबैंड के पास एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मनोज नेगी पुलिस बल सहित एसडीआरएफ, डीडीआरएफ की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। रात्रि करीब दो बजे तक चले रेस्क्यू अभियान में दुर्घटनाग्रस्त हुए वाहन सख्या यूके 07 डीएच 8233 के स्वामी विवेक प्रसाद मनोड़ी पुत्र चन्द्रमणि मनोड़ी निवासी ग्राम मरोड़ा नारायणबगड़ थाना थराली जनपद चमोली हॉल बैंक मैनेजर चमोली जिला सहकारी बैंक सतेराखाल अचेत अवस्था में मिले, जिनको जिला चिकित्सालय लाये जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। वाहन स्वामी मृतक चमोली जिला सहकारी बैंक सतेराखाल शाखा में मैनेजर के पद पर तैनात थे। वहीं, घटना के बाद से मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। वहीं हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। जिला सहकारी बैंक मैनेजर गोपेश्वर बैठक से सतेराखाल लौट रहे थे, तभी वे हादसे का शिकार हो गए।

## एक नजर

### गंगा का जलस्तर बढ़ने से स्नानघाट जलमग्न

ऋषिकेश। पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश से गंगा का जलस्तर बढ़ने लगा है। गुरुवार को गंगा का जलस्तर चेतावनी निशान 339.50 मीटर से 50 सेंटीमीटर नीचे तक पहुंच गया। जलस्तर बढ़ने पर स्नानघाट डूब गये। जिस पर पुलिस ने लोगों को घाट पर जाने से रोका। बीती बुधवार से गंगा का जलस्तर लगातार घट बढ़ रहा है। गुरुवार दोपहर बाद अचानक गंगा का जलस्तर बढ़ने लगा। दोपहर करीब दो बजे जलस्तर चेतावनी निशान 339.50 मीटर के करीब पहुंच गया। जलस्तर बढ़ने से ऋषिनगरी के सभी स्नानघाट जलमग्न हो गये। जिस पर पुलिस ने गंगातट पर मुनादी करवाने के साथ लोगों को घाट पर स्नान करने से रोका।

इन दिनों गंगा का पानी गदला होने के साथ उसमें टूटे पेड़ भी बहकर आ रहे है,साथ ही गंगा का बहाव भी तेज हो गया है। जिसके चलते सुरक्षित घाटों पर स्नान करना जोखिम भरा हो सकता है। एसडीएम योगेश माहरा ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्र में बारिश से गंगा का जलस्तर लगातार घट बढ़ रहा है। जिस पर प्रशासन लोगों को सतर्क कर रहा है। बाढ़ चौकयों को किया अलर्ट प्रशासन ने मौसम विभाग के भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनगर बाढ़ चौकियों को भी अलर्ट कर दिया है। लगातार जलस्तर बढने की जानकारी ली जा रही है। तटीय इलाके में बसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा जा रहा है।

### अगले दो दिन भारी बारिश का अलर्ट

हल्द्वानी। हल्द्वानी में गुरुवार सुबह मौसम जहां साफ रहा, वहीं दोपहर बाद आसमान में काले बादलों ने डेरा डाल लिया, जिससे मौसम का मिजाज बदल गया।

पंतनगर विश्वविद्यालय के मौसम विशेषज्ञ डॉ. आरके सिंह ने बताया कि हल्द्वानी का अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार, अगले दो दिनों तक उत्तराखंड राज्य में भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अगले दो दिनों तक सतर्क रहें और अनावश्यक यात्रा से बचें।

### पांच आईएएस के कार्यों में फेरबदल

देहरादून। सरकार ने गुरुवार को पांच आईएएस के कार्यों में फेरबदल किया है। मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव राजेंद्र पतियाल ने यह आदेश किए हैं। सचिव रणवीर सिंह चौहान से परियोजना निदेशक नमामि गंगे हटा दिया है, गन्ना, चीनी, राज्य संपत्ति विभाग और महानिदेशक कृषि एवं उद्यान उन पर यथावत रहेंगे। हाल ही टिहरी की जिलाधिकारी बनाई गई नितिका खंडेलवाल को जिला विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त जिम्मा दिया है। इसके साथ ही अपर सचिव गौरव कुमार को सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी, प्रबंध निदेशक हिल्ट्रान, आईएएस विशाल मिश्रा को परियोजना निदेशक नमामि गंगे और अपर सचिव अपूर्वा पांडेय को निदेशक स्वजल का अतिरिक्त दायित्व सौंपा है।

### एसएसपी की अध्यक्षता में कांवड़ मेले की तैयारियों को लेकर अहम बैठक

हरिद्वार। एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने कांवड़ मेले की तैयारियों को लेकर गुरुवार को पुलिस कार्यालय सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने होटल, टैक्सी संचालकों, व्यापारियों और आम लोगों के साथ गोष्ठी कर सुझाव लेकर व्यवस्थाएं बनाने को कहा। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों की सक्रिय निगरानी रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने पिछली बैठकों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को अंतिम तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मेले के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कहा कि संवेदनशील तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में क्षेत्राधिकारी बैठक कर कानून व्यवस्था की समीक्षा करें। पिछले वर्ष की गई व्यवस्थाओं में जो भी कमियां सामने आई थीं, उन्हें इस वर्ष सुधारने के निर्देश दिए गए।

## ऋषिकेश–बदरीनाथ हाईवे तीन घंटे रहा बंद



नई टिहरी। ऋषिकेश–बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर तोताघाटी में गुरुवार सुबह यातायात तीन घंटे बंद रहा। एनएच पीडब्लूडी ने यहां सड़क के ऊपर खतरनाक ढंग से लटके दो भारी पत्थरों को तोड़ने का काम शुरू किया है। गुरुवार सुबह 5 से 8 बजे तक चले इस अभियान में एक बड़े बोल्डर को सफलतापूर्वक हटा लिया गया। मगर दूसरा बड़ा बोल्डर अभी भी यहां अटका हुआ है। जिसे हटाने का काम यहां फिर से शुरू किया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण के बाद से तोताघाटी में यह बड़े बोल्डर अटके रह गए थे। अनेक ट्रीटमेंट के बावजूद इसका समाधान न होने पर एनएच पीडब्लूडी ने अंततः इन्हें ब्लास्टिंग से तोड़ने का फैसला लिया। एई ललित मोहन बेंजवाल ने बताया कि सुबह 5 बजे से 8 बजे तक का समय इस कार्य के लिए निर्धारित किया गया था। इस दौरान एक बड़े पत्थर को ब्लास्टिंग से तोड़कर हटा दिया गया वहीं दूसरे पत्थर को हटाने की फिर से कोशिश की जायेगी। ऐसा नहीं हो पाने पर इसको कुछ दिनों बाद तोड़ा जाएगा। बदरी–केदार यात्रा के भारी यातायात को देखते राजमार्ग को सुबह 8 बजे खोल दिया गया।

### हिमाचल में बाढ़ ने मचाया कोहराम, 8 लोग लापता, 3 लोगों के शव मिले

**–राहत बचाव कार्य जारी**

शिमला, हिमाचल प्रदेश में मानसून ने दस्तक देते ही तबाही मचाना शुरू कर दी है. 25 जून को हिमाचल में कई जगहों पर बादल फटने और बाढ़ आने की घटनाएं सामने आई. कुल्लू के सैंज में बादल फटने से नदी–नाले उफान पर हैं. जिसमें 3 लोग बह गए. वहीं, धर्मशाला के खनियारा में बाढ़ में 8 लोग बह गए. 2 मजदूरों के शव मिल गए हैं, जबकि 6 अभी भी लापता हैं. इसके अलावा मंडी जिले में ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ गया है. मंडी मं जलस्तर बढ़ने से पंडोह डैम के तीन गेट खोले गए. हिमाचल प्रदेश में इस बार भी मानसून तबाही लेकर आया है. बुधवार को हुई भारी बारिश में हिमाचल में कई जगह बादल फटने और बाढ़ आने जैसी घटनाएं हुई. जिसके चलते 8 लोग बाढ़ में बहने से लापता हो गए हैं. जबकि 3 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं. कुल्लू के सैंज में बादल फटने से 3 लोग लापता हो गए. जिनकी तलाश में एनडीआरएफ की टीमें जुटी हुई हैं. इसके अलावा धर्मशाला में 8 लोग बाढ़ में बहे थे. जिनमें से 2 का शव बुधवार को ही बरामद कर लिया गया था. जबकि एक मजदूर का शव आज मिला है. अभी भी यहां 5 लोग लापता हैं. जिनके लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया है. वहीं, भारी बारिश के चलते नदी–नालों में भी जलस्तर बढ़ गया है. धर्मशाला के खनियारा में मनूनी खड्ड में बाढ़ में बहने से 6 लोग लापता हो गए थे. जिनमें से 1 का शव बरामद कर लिया गया है.

## प्रदेश में सीएम हेल्पलाइन 1905 में 180 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के समाधान के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान

### – मुख्यमंत्री जनपदों में आयोजित होने वाले तहसील एवं थाना दिवस के दौरान किसी एक जनपद में औचक रूप से होंगे शामिल



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन 1905 में 180 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के समाधान के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। 06 माह से अधिक लंबित शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रकरणों का समयबद्धता से निस्तारण नहीं करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अनावश्यक रूप से जन शिकायतें फोर्स क्लोज न किये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन को राज्य की बेस्ट प्रैक्टिस में लाने के लिए और प्रभावी प्रयास किए जाएं। गुरुवार को सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन 1905 के समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक दिन पूरे राज्य में तहसील दिवस का आयोजन किया जाए। मुख्यमंत्री तहसील दिवस के दिन किसी एक जनपद में औचक रूप से प्रतिभाग करेंगे। इसी तरह एक दिन पूरे राज्य में थाना दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए जनता दर्शन, तहसील दिवस और बीडीसी का नियमित आयोजन किया जाए। पुलिस और प्रशासन द्वारा मिलकर अतिक्रमण और वेरिफिकेशन अभियान और प्रभावी रूप से चलाए जाएं। प्रत्येक जनपद में दो–दो गांवों को आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किए जाएं, इसके लिए सभी जनपदों में शीघ्र नोडल अधिकारी बनाए जाएं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में जहां भी बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर की स्थिति खराब है, उन्हें शीघ्र बदला जाए। सभी ट्रांसफार्मरों का सेफ्टी ऑडिट भी किया जाए।

## देहरादून में पीसीएस अधिकारी के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

देहरादून, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग 74 के चौड़ीकरण में हुए कथित भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में गुरुवार को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने देहरादून में उत्तराखंड के एक अधिकारी और अन्य के खिलाफ छापेमारी की। यह मामला साल 2017 का है। यह छापा पीसीएस (प्रांतीय सिविल सेवा) अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह के ठिकानों पर मारा गया, जो कि वर्तमान में देहरादून में डोईवाला चीनी मिल के कार्यकारी निदेशक के रूप में तैनात हैं। यह मिल उत्तराखंड सरकार द्वारा संचालित है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस दौरान उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में नौकरशाह से जुड़े कम से कम सात स्थानों पर ढटछअ (धन शोधन निवारण अधिनियम) के प्रावधानों के तहत छापेमारी की गई।



सूत्रों के अनुसार, सिंह ने ठल–74 और ठल–125 के चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहित भूमि के उपयोग को पिछली तारीख में आदेश पारित करके बदल दिया था, जिसके परिणामस्वरूप सरकार को 162.5 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। यह तब हुआ जब वह भूमि अधिग्रहण के सक्षम प्राधिकारी के रूप में काम कर रहे थे। धन शोधन का यह मामला उत्तराखंड पुलिस द्वारा सिंह, राजस्व अधिकारियों, किसानों और बिचौलियों के खिलाफ 2017 कीकफ और उसके बाद चार्जशीट से उपजा है।

इस मामले में सितंबर 2020 में ईडी ने एक बयान जारी करते हुए कहा था, पुलिस ने पाया कि भूमि अधिग्रहण के सक्षम प्राधिकारी की हैसियत से काम कर रहे सिंह और कुछ अन्य लोगों ने सरकारी धन के दुरुपयोग के लिए अन्य लोक सेवकों, किसानों और बिचौलियों के साथ साजिश रची। उन्होंने उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम 1950 की धारा 143 के तहत पारित बैकडेट आदेशों के आधार पर गैर–कृषि दर पर मुआवज़ा देकर ऐसा किया।

### चार दिन बाद खुले कामाख्या मंदिर के कपाट, अंबुबाची महापर्व का विधिवत समापन

गुवाहाटी, असम की नीलाचल पहाड़ियों पर स्थित भारत के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक कामाख्या मंदिर ने गुरुवार सुबह अपने कपाट पुनः खोल दिए. बता दें, चार दिवसीय विराम के बाद मंदिर के कपाट खोले गए हैं. यह अवसर केवल मंदिर के खुलने भर का नही था, बल्कि अंबुबाची महापर्व के विधिवत समापन का भी प्रतीक था – एक ऐसा पर्व जो देवी कामाख्या के मासिक धर्म और स्त्रीत्व की पवित्रता को समर्पित है. मंदिर के गर्भगृह के द्वार सुबह 5:00 बजे आम भक्तों के लिए खोले गए. इससे पहले, रात 3:19 बजे अंबुबाची की 'निवृत्तिझ (अर्थात देवी के मासिक विश्राम की समाप्ति) की औपचारिक घोषणा हुई. मंदिर परिसर को परंपरागत विधियों से शुद्ध किया गया, देवी को नए वस्त्र और आभूषण पहनाए गए, और इसके बाद ही देवी के दर्शन के लिए गर्भगृह आम श्रद्धालुओं के लिए खोला गया. देशभर से आए लाखों श्रद्धालु रात से ही मंदिर परिसर के बाहर डटे हुए थे. मंदिर खुलते ही मंत्रोच्चार, घंटियों की गूंज, धूप और पुष्पों की सुगंध से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया. श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर देवी के दर्शन के लिए आगे बढ़ते रहे. कामाख्या मंदिर में मनाया जाने वाला अंबुबाची मेला हिंदू परंपरा का अपारंपरिक लेकिन गहराई से जुड़ा पहलू उजागर करता है – यह स्त्री शरीर, प्रजनन और रजस्वला अवस्था का सम्मान है.

## राजनाथ सिंह ने एससीओ शिखर सम्मेलन में साझा बयान दस्तावेज पर हस्ताक्षर से इंकार किया

नईदिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को चीन में हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की रक्षा मंत्रियों की बैठक में साक्षा बयान पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। दरअसल, सिंह ने बैठक में पहलगाम और आतंकवाद समेत कई मुद्दों पर बात की, जिससे पाकिस्तान और चीन बचना चाह रहे थे। बैठक के बाद सिंह को आतंकवाद को लेकर साक्षा बयान पर हस्ताक्षर करना था, लेकिन इससे आतंकवाद पर भारत का रुख कमजोर होता, इसलिए उन्होंने हस्ताक्षर नहीं किए।



रिपोर्ट के मुताबिक, एससीओ रक्षा मंत्रियों के साझा बयान में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र नहीं किया गया है, जिसमें 26 निदोष पर्यटकों को 22 अप्रैल को गोली मारी गई थी। इसके बजाय बयान में पाकिस्तान के बलूचिस्तान का नाम शामिल किया गया है, जहां पाकिस्तान लगातार भारत पर अशांति फैलाने का आरोप लगाता है। चर्चा है कि पाकिस्तान के कहने पर उसके मित्र देश चीन ने मेजबान देश होने के नाते पहलगाम घटना को दस्तावेज से बाहर किया है।

सिंह ने एससीओ बैठक में चीन और रूस के रक्षा मंत्रियों से द्विपक्षीय मुलाकात की है, जबकि उनकी पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं हुई। यहां तक ख्वाजा आसिफ से नमस्कार भी नहीं हुआ। भारत ने पहले ही स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान से आतंकवाद के मुद्दे पर ही बातचीत होगी। 2001 में स्थापित एससीओ का उद्देश्य सहयोग के माध्यम से क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देना है। इसमें भारत, चीन, बेलारूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान शामिल हैं।

रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर सिंह के दौरे को लेकर लिखा, किंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में राजनाथ सिंह ने आतंकवाद, कट्टरपंथ और उग्रवाद के खिलाफ एकजुट वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया और उन्हें क्षेत्रीय शांति और विश्वास के लिए बड़ा खतरा बताया। उन्होंने एससीओ देशों से दोहरे मापदंड को अस्वीकार करने और आतंकवाद के प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने का आग्रह किया।

## होटल में अवैध रूप से चल रहा था कैसीनो , 8 युवतियों समेत 32 लोग गिरफ्तार

### तीन थाना पुलिस ने मारा छापा; होटल सील

रुड़की। उत्तराखंड के रुड़की जिले में देहरादून रोड पर स्थित रामपुर में गुरुवार को तीन थानों की पुलिस ने होटल राजमहल में संयुक्त रूप से छापेमारी की। पुलिस ने यह कार्रवाई वहां अवैध रूप से चल रहे कैसीनो की शिकायत मिलने पर की। इस दौरान वहां आठ युवतियों समेत कुल 32 लोग अवैध तरीके से कैसीनो खेलते हुए मिले। इस होटल में अवैध तरीके से लोगों को शराब भी परोसी जा रही थी। जिसके बाद पुलिस ने होटल को सील करने के साथ ही सभी 32 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि होटल मालिक समेत चार आरोपी फरार हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने होटल से करीब 2.74 लाख रुपए कैश भी बरामद किए। पुलिस ने बताया कि ग्राहकों को लुभाने के लिए यहां बड़ी संख्या में लड़कियों को रखा गया था, जो छोटे–छोटे कपड़े पहनकर ड्रिंक सर्व करती थीं।



मामले की जानकारी देते हुए एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि पुलिस को गोपनीय सूचना मिली कि रामपुर में होटल राजमहल में अवैध तरीके से कैसीनो खेला जा रहा है। इसके बाद गंगनहर कोतवाली इंस्पेक्टर आरके सकलानी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने गुरुवार को होटल में छापेमारी की। इस दौरान होटल में हड़कंप मच गया। आगे उन्होंने बताया कि छापा पड़ने के बाद होटल में मौजूद लोग इधर–उधर भागने लगे, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल मुख्य गेट को बंद कर दिया और जांच पड़ताल शुरू की। इस दौरान आठ युवतियां समेत 32 लोग अवैध तरीके से कैसीनो खेलते तथा शराब पीते हुए मिले। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए होटल को सील कर दिया।

युवतियों पर थी ग्राहकों को लुभाने की जिम्मेदारीः होटल में बड़ी संख्या में युवतियों के मिलने पर पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस होटल में ग्राहकों को लुभाने की जिम्मेदारी युवतियों को दी गई थी। ये लड़कियां चंड़ीगढ़, दिल्ली, नेपाल आदि जगहों की रहने वाली हैं और यहां पर ताश के पत्ते बांटने के साथ ही छोटे–छोटे कपड़े पहनकर ड्रिंक्स सर्व करने का काम करती थीं।

### भारत के स्टैंड पर ईरान हुआ खुश, जताया आभार

नई दिल्ली, ईरान ने सैन्य हमलों के दौरान उसके साथ खड़े रहने के लिए भारत के प्रति आभार जताया. इजराइल ने उसके खिलाफ हमला किया था जबकि बाद में अमेरिका ने भी उसके परमाणु ठिकानों पर भीषण बमबारी की. ईरानी दूतावास ने एक बयान में कहा कि वह तेहरान का साथ देने वालों के वास्तविक और अमूल्य समर्थन की सराहना करता है. हालांकि, इसने भारत सरकार का कोई संदर्भ नही दिया. अमेरिका द्वारा रविवार सुबह ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बमबारी के बाद ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष बढ़ गया. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को ईरान और इजराइल के बीच युद्ध विराम की घोषणा की. बुधवार को युद्ध विराम लागू होता दिख रहा है. अपनी प्रतिक्रिया में नई दिल्ली ने मंगलवार को संघर्ष विराम का स्वागत किया और कहा कि वह स्थिति को सुलझाने में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार है. ईरानी दूतावास ने भारत के सभी स्वतंत्रता–प्रेमी लोगों जो ईरान के साथ दृढ़ता और मुखरता से खड़े हैं उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया. स्वतंत्रता–प्रेमी लोगों में राजनीतिक दल, संसद सदस्य, गैर–सरकारी संगठन, धार्मिक और आध्यात्मिक नेता, विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, मीडिया के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता और सभी व्यक्ति और संस्थान शामिल हैं.

## महाराज ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री से की शिष्टाचार भेंट



देहरादून। प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोकनिर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने गुरुवार को एफआईआर में पहुंच कर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से शिष्टाचार भेंट की इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न मुद्दों सहित राज्य में निर्माणाधीन सड़कों की कनेक्टिविटी में वन विभाग के द्वारा आ रही दिक्कतों पर चर्चा करने के साथ–साथ बाधाओं को भी दूर करने का भी उनसे अनुरोध किया।

# सम्पादकीय

## पहाड़ी मार्गों पर हादसे

उत्तराखंड में एकाएक वाहन दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ाना बेहद चिंता जनक है। चार धाम यात्रा अभी चल रही है और मानसून लगभग दस्तक दे चुका है। ऐसी परिस्थितियों में पहाड़ी मार्गों पर यात्रा का संचालन करना बेहद चुनौती पूर्ण कार्य है। हाल ही में रुद्रप्रयाग में एक वाहन के अलकनंदा में गिरने की घटना ने परिवहन व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं तो इसी दौरान जनपद देहरादून के कालसी में भी निजी कार के खाई में गिरने से तीन लोगों की जान चली गई। उत्तराखंड के पहाड़ी मार्ग हमेशा से ही दुर्घटनाओं को निमंत्रण देते आए हैं। राज्य सरकार चार धाम यात्रा से पूर्व यात्रियों की सुरक्षा एवं सड़कों की दशा को लेकर दिशा निर्देश जारी करती है लेकिन तमाम व्यवस्थाओं के बावजूद भी ऐसी दुर्घटनाएं बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। असल में राज्य के पहाड़ी मार्ग हमेशा से ही भूस्खलन या फिर सड़कों के धसने जैसी प्रक्रिया से गुजरते रहते हैं। यहां जरूरी है कि ऐसे दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर सुरक्षा के उपाय लागू किए जाएं। सबसे महत्वपूर्ण विषय वाहनों के चालकों का अनुभव है जहां अक्सर अनदेखी हो जाती है। लगातार एक के बाद एक हो रही दुर्घटना के बाद राज्य के मुख्यमंत्री भी चिंतित हैं और उन्होंने इस दिशा में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर न केवल अपनी चिंता जताई है बल्कि ऐसी घटनाओं पर तत्काल रोक लगाने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित भी किया है। संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पर्वतीय क्षेत्रों में संचालित सार्वजनिक वाहनों की लगातार जांच सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा खतरनाक मोड़ों और ढलानों पर चेतावनी संकेतकों की व्यवस्था करना चाहिए। वाहनों की सुरक्षा के लिए पहाड़ों में आवश्यक स्थलों पर सुरक्षा रेलिंग एवं पैराफिट एक अच्छा सुरक्षात्मक कदम साबित हो सकता है। पहाड़ों के लिए बरसात हमेशा से ही गंभीर खतरे लेकर आती है और ऐसे समय में जब चार धाम यात्रा अपने पूरे उफान पर हो तो मौसम पूर्वानुमानों को ध्यान में रखते हुए यात्रा मार्गों की स्थिति को देखकर ही यात्रा करनी चाहिए। आगामी समय में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु दीर्घकालिक सुरक्षा उपायों की कार्य योजना तैयार करना अब बेहद जरूरी हो गया है और प्रदेश के मुख्यमंत्री इसके लिए काफी गंभीर और संवेदनशील भी नजर आ रहे हैं। हर वर्ष चार धाम यात्रा के दौरान कई दुर्घटनाएं घटित होती है जिनमें अक्सर मानवीय भूल भी एक बड़ा कारण बनती है। राज्य सरकार ने चालकों का पर्वतीय मार्गों पर वाहन चलाने का अनुभव अनिवार्य करने के साथ प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की है लेकिन इसके बावजूद कहीं ना कहीं इस दिशा निर्देश पर गंभीरता से पालन नहीं हो रहा है। चार धाम दर्शन के लिए आने वाले यात्रियों के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, और इससे केवल होनी का हवाला देकर बचा नहीं जा सकता। अभी अक्टूबर तक चार धाम यात्रा का संचालन होना है और जिस तरह कैसे लगातार दुर्घटनाएं घटित हो रही है उसके बाद सरकारी मशीनरी से लेकर यात्रा संचालन करने वाले ऑपरेटर को भी अपनी जिम्मेदारियां के प्रति सतर्क रहना होगा।

# आपातकाल: लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला

—विष्णुदत्त शर्मा

कांग्रेस का लोकतंत्र में विश्वास तब तक है जब तक वह सत्ता में है। जब वह सत्ता से बाहर होती दिखाई देती है, वह संविधान और लोकतंत्र की धज्जियाँ उड़ाने से नहीं चूकती। डॉ. राममनोहर लोहिया के ये शब्द 25 जून 1975 को उस समय सत्य सिद्ध हुए, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने आज से 50 वर्ष पहले, 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोप दिया। यह घटना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे दुखद और शर्मनाक घटनाओं में से एक है। यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था। आपातकाल लगाने का उद्देश्य नेहरू–गांधी परिवार का सत्ता पर वर्चस्व बनाए रखने की लालसा में संविधान को रौंदने का कुत्सित प्रयास था। यह वह समय था जब संविधान को ताक पर रखकर व्यक्तिगत सत्ता की रक्षा के लिए पूरे देश को एक तानाशाही शासन के अधीन कर दिया गया था। 1970 के दशक की शुरुआत में भारत गंभीर आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक संकटों से जूझ रहा था। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और असंतोष के कारण सरकार के खिलाफ जनता में असंतोष बढ़ रहा था। इंदिरा गांधी की सत्ता को सबसे बड़ा झटका तब लगा जब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 जून 1975 को उनके निर्वाचन को अवैध घोषित कर दिया और उन्हें छह वर्षों के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराया।

इस फैसले के बाद देश भर में इंदिरा गांधी के इस्तीफे की मांग तेज हो गई। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में विपक्ष ने संपूर्ण क्रांति का नारा दिया। इन सबके बीच 25 जून 1975 की रात को राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री की सिफारिश पर देश में आपातकाल लागू कर दिया। इंदिरा गांधी ने कैबिनेट को विश्वास में नहीं लिया, आधी रात को राष्ट्रपति से चुपचाप आपातकाल लागू करवाया। कांग्रेस की संस्कृति रही है– परिवार पहले, संविधान बाद में।

'इंडिया इज़ इंदिराझ् नारा कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी सोच का प्रतीक था। एक व्यक्ति, एक परिवार को देश से बड़ा समझना ही कांग्रेस की वैचारिक विकृति है। आपातकाल की घोषणा के साथ ही भारत की लोकतांत्रिक संस्थाएँ रातों रात बंधक बना दी गईं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, और न्यायिक संरक्षण जैसे मौलिक अधिकार स्थगित कर दिए गए। मीडिया पर कठोर सेंसरशिप लागू कर दी गई। विरोध करने वाले हजारों नेताओं, कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, साहित्यकारों को बिना मुकदमे के जेलों में ठूंस दिया गया। 'इंदिरा इज़ इंडिया और इंडिया इज़ इंदिराझ् जैसे नारे लगाने वालों को पुरस्कृत किया गया, जबकि आलोचकों को देशद्रोही बताकर प्रताड़ित किया गया।आपातकाल के इस काले दौर में वामपंथियों ने इंदिरा गांधी का भरपूर समर्थन किया। इसके बदले में उन्हें प्रशासन और शिक्षा के क्षेत्र में ऊँचे पदों पर बिठाया गया। वे इतिहास, संस्कृति और पाठ्यक्रमों में अपने वैचारिक एजेंडे को लागू करने में सफल रहे। इससे देश की भावी पीढ़ी की सोच को प्रभावित करने की कोशिश की गई। इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी ने जनसंख्या नियंत्रण के नाम परजबरन नसबंदी का अभियान चलाया। लाखों गरीब पुरुषों को जबरदस्ती नसबंदी के लिए बाध्य किया गया। दिल्ली में तुर्कमान गेट जैसी घटनाओं में, जब लोगों ने इसका विरोध किया, तो गोली चलवा दी गई, जिसमें अनेक लोग मारे गए। इस दौरान हजारों झुग्गियाँ और बस्तियाँ उजाड़

> आपातकाल के इस काले दौर में वामपंथियों ने इंदिरा गांधी का भरपूर समर्थन किया। इसके बदले में उन्हें प्रशासन और शिक्षा के क्षेत्र में ऊँचे पदों पर बिठाया गया। वे इतिहास, संस्कृति और पाठ्यक्रमों में अपने वैचारिक एजेंडे को लागू करने में सफल रहे। इससे देश की भावी पीढ़ी की सोच को प्रभावित करने की कोशिश की गई। इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी ने जनसंख्या नियंत्रण के नाम परजबरन नसबंदी का अभियान चलाया। लाखों गरीब पुरुषों को जबरदस्ती नसबंदी के लिए बाध्य किया गया। दिल्ली में तुर्कमान गेट जैसी घटनाओं में, जब लोगों ने इसका विरोध किया, तो गोली चलवा दी गई, जिसमें अनेक लोग मारे गए। इस दौरान हजारों झुग्गियाँ और बस्तियाँ उजाड़ दी गईं, जिससे लाखों लोग बेघर हो गए। वर्ष 1985 में लोकसभा में राजीव गांधी ने कहा– आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं था। यह बयान बताता है कि कांग्रेस के डीएनए में लोकतंत्र के लिए कोई सम्मान नहीं, केवल परिवार और सत्ता से प्रेम है।

दी गईं, जिससे लाखों लोग बेघर हो गए।

वर्ष 1985 में लोकसभा में राजीव गांधी ने कहा– आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं था। यह बयान बताता है कि कांग्रेस के डीएनए में लोकतंत्र के लिए कोई सम्मान नहीं, केवल परिवार और सत्ता से प्रेम है। 21 महीनों तक देश को लोकतंत्र से वंचित रखकर कांग्रेस के एक परिवार की सत्ता बनाए रखने के लिए संविधान का गला घोंटा गया। कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर राष्ट्रवादी विचारधारा को कुचलने का कार्य किया। लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ने वालों को जेल में ठूंसा गया। लगभग 1 लाख 40 हजार लोगों को जेल में बंद किया गया और 22 कस्टोडियल डेथ हुईं। संविधान की आत्मा को कुचला गया। मीसा कानून में संशोधन कर प्राकृतिक न्याय की भावना का उल्लंघन किया गया।

कांग्रेस की प्रवृत्ति लोकतंत्र विरोधी रही है–जो विरोध करे, उसे समाप्त कर दो। नेताजी सुभाषचंद्र बोस को कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे लोकप्रिय नेता को प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया गया। बाबा साहब अंबेडकर जैसे महापुरुष का कांग्रेस द्वारा निरंतर विरोध और अपमान किया गया। कांग्रेस ने संविधान में अब तक 75 बार संशोधन किए, कई संशोधन सत्ता को मजबूत करने हेतु थे। अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग करते हुए 90 बार चुनी हुई राज्य सरकारों को बर्खास्त किया।1973 में वरिष्ठता की परंपरा को तोड़ते हुए जस्टिस अजीतनाथ रे को चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया– न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार था। मीसा कानून के ज़रिए निदोष लोगों को कैद किया गया– क्या यही कांग्रेस का न्याय है? शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटकर कांग्रेस ने करोड़ों मुस्लिम महिलाओं के अधिकार छीन लिए। राजीव गांधी ने वोट बैंक के लिए संविधान के साथ सौदा किया, यही कांग्रेस की असली सोच है। राहुल गांधी संसद में संविधान की प्रति लहराते हैं, लेकिन 2013 में उसी संसद के अध्यादेश को फाड़ कर संविधान की अवमानना करते हैं।

कांग्रेस संविधान बचाने की बात करती है, लेकिन इतिहास गवाह है कि वही कांग्रेस बार–बार संविधान को बेरहमी से कुचलती रही है। कांग्रेस के लिए लोकतंत्र सिर्फ एक दिखावा है – असली सत्ता नेहरू–गांधी परिवार के इर्द–गिर्द ही घूमती है। जहां कांग्रेस ने संविधान के अनुच्छेदों का उपयोग केवल सत्ता में बने रहने के लिए किया, वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार हर अनुच्छेद के महत्व को नागरिकों तक पहुंचाने की जागरूकता अभियान चला रही है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान देश को दिया, उसे कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए मोड़ा, तोड़ा और बदला। मोदी सरकार उसी संविधान को आधार बनाकर हर वर्ग के कल्याण और अधिकारों की गारंटी दे रही है– यही असली सम्मान है बाबा साहेब को। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता–ये चार स्तंभ सिर्फ किताबों में नहीं, आज मोदी सरकार में नीति और शासन का आधार बन चुके हैं। कांग्रेस ने इन सिद्धांतों को दिखावे की बातें बनाकर रखा, जबकि मोदी सरकार इन्हें नीति, योजना और क्रियान्वयन के स्तर पर सशक्त कर रही है।

लोकतंत्र सेनानियों का ही संघर्ष है जिसके परिणाम स्वरुप भारत में लोकतंत्र पुर्नस्थापित हुआ। आज देश की प्रगति के पीछे लोकतंत्र सेनानियों का बलिदान आधार का पत्थर है। जिसके कारण लोकतंत्र पुर्नस्थापित हुआ और 2014 में भाजपा के श्री नरेंद्र मोदी जैसे व्यक्तित्व के रूप में भारत को महान नायक मिला जिनके नेतृत्व में लोकतंत्र की जड़ें बहुत मजबूत व गहरी हुईं, तुष्टीकरण संतुष्टीकरण में बदला, पूरा भारत एक हुआ, आतंकवाद की कमर टूटी, 11 वीं अर्थव्यवस्था से देश विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना, सीमाएं सुरक्षित हुईं, माताओं बहनों के सम्मान की रक्षा हुई, भ्रष्टाचार, घपले, घोटालों का अंत हुआ, भारत ने आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया, विकसित भारत–2047 के संकल्प की सिद्धि के लिए रात दिन एक करके सघन प्रयास प्रारंभ कर दिया। आज जब हम अमृतकाल की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, हमें यह संकल्प लेना होगा कि ऐसे काले दिन फिर कभी न लौटें। हमें अपनी संवैधानिक संस्थाओं को और सशक्त बनाना है, नागरिक अधिकारों की रक्षा करनी है और लोकतंत्र की नींव को और गहरा करना है। जो काम कांग्रेस ने दशकों तक नहीं किया, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व की सरकार ने उसे धरातल पर उतार कर संविधान की आत्मा को सम्मान दिया। आपातकाल के विरुद्ध लोकतंत्र सेनानियों का संघर्ष, बलिदान रंग लाया और भारत माता के सम्मान की रक्षा करने में सफल रहा।

# नए भारत की नई कहानी: ग्रोथ मार्केट से ग्रोथ इंजन तक

गिरिराज सिंह

एक राष्ट्र की प्रगति केवल उसके आर्थिक सूचकांकों से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से तय होती है कि उस विकास से आम जनजीवन में कितनी गरिमा, अवसर और आत्मबल का संचार हुआ है। जब हम आज भारत की ओर देखते हैं, तो यह केवल एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि एक जाग्रत समाज की तस्वीर है, जो आगे बढ़ना जानता है, जो अपने अतीत से सीखता है और अपने भविष्य को स्वयं गढ़ रहा है।

मेरे लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर, जो वित्त वर्ष 2024–25 की अंतिम तिमाही में 7.4 प्रतिशत रही, एक आकंड़ा मात्र नहीं है। यह उस किसान की मेहनत का सम्मान है, जिसने आधुनिक तकनीक को अपनाकर पैदावार बढ़ाई। यह उस महिला उद्यमी की कहानी है, जिसने स्वयं सहायता समूह से यात्रा शुरू कर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पाद दुनिया तक पहुंचाए। यह उस युवा इंजीनियर का आत्मविश्वास है, जिसने मेक इन इंडिया के अंतर्गत नौकरी ढूंढ़ने के बजाय नौकरी देने वाला बना।

आज भारत की औसत विकास दर 6.5 प्रतिशत है, और नॉमिनल जीडीपी 330 ट्रिलियन को पार कर चुकी है। जीएसटी संग्रह लगातार दो महीने 2 लाख करोड़ से ऊपर रहा है। यह आर्थिक आत्मबल अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह गाँवों, छोटे कस्बों और दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुँचा है।

डिजिटल क्रांति ने भारत के सामाजिक ताने–बाने में एक ऐतिहासिक परिवर्तन लाया है। गाँव का एक युवा अब मोबाइल से भुगतान करता है, सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे खाते में प्राप्त करता है और ऑनलाइन पढ़ाई के माध्यम से अपने सपनों को साकार करता है। आज यूपीआई के जरिए 25 ट्रिलियन से अधिक ट्रांजैक्शन हो चुके हैं। यह डिजिटल समावेशन केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं है, यह सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण का नया अध्याय है।

भारत ने वैश्विक व्यापार में भी अपनी मज़बूत उपस्थिति दर्ज की है। केवल अप्रैल 2025 में ही भारत से 3 मिलियन आईफोन आईफोन एक्सपोर्ट हुए, चीन से तीन गुना ज़्यादा। यह दर्शाता है कि भारत अब केवल बाज़ार नहीं, ग्लोबल वैल्यू चेन का प्रमुख स्तंभ बन चुका है। बीते दशक में भारत में 500 बिलियन से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है, जो इनोवेशन, रोज़गार और आत्मनिर्भरता के नए द्वार खोल रहा है।

हमारे किसान भी इस बदलाव के सशक्त भागीदार बने हैं। आज 51 मिलियन किसानों के पास डिजिटल किसान आईडी है, जिससे उन्हें उनकी भूमि, फसल और योजनाओं का सीधा लाभ मिलता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, डिजिटल मंडियाँ, और आत्मनिर्भर कृषि मिशन जैसे प्रयासों ने उन्हें सहयोगी नहीं, सहभागी बनाया है।

भारत में गरीबी दर 2011–12 के 29.5 प्रतिशत से घटकर आज 9.4 प्रतिशत रह गई है। यह केवल आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का विस्तार है। विश्व बैंक की रिपोर्ट बताती है कि अत्यंत गरीबी अब मात्र 5.3 प्रतिशत रह गई है। इस परिवर्तन में उस ग्रामीण परिवार की कहानी छिपी है, जिसके बच्चे पहली बार स्कूल गए, जिसने प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा को नज़दीक पाया, और जिसने आत्मनिर्भरता को अपनी पहचान बनाया।

इंफ्रास्ट्रक्चर में भी भारत ने नई ऊँचाइयाँ छुई हैं। आज भारत एक साल में 1,600 इंजन बनाकर विश्व का सबसे बड़ा लोकोमोटिव निर्माता है। ऊर्जा क्षेत्र में 49 प्रतिशत क्षमता अब नवीकरणीय स्रोतों से है। भारत अब सस्टेनेबल विकास की राह पर तेज़ी से अग्रसर है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में भी भारत की क्षमता को वैश्विक मान्यता मिल रही है। ओपनएआई जैसी संस्थाओं ने भारत में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय एआई अकादमी शुरू की है, यह हमारे युवाओं की प्रतिभा और संभावनाओं में भरोसे का प्रमाण है।

नए भारत की विकास यात्रा में टेक्सटाइल सेक्टर भी एक मजबूत स्तंभ बनकर उभरा है। तकनीकी वस्त्रों को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन (एनटीटीएम) और प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना एक–दूसरे के पूरक बनकर कार्य कर रही हैं। एनटीटीएम के तहत ?510 करोड़ की सहायता से 168 नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है। वहीं, टेक्सटाइल इंफ्रास्ट्रक्चर को वैश्विक मानकों पर लाने के लिए देशभर में 7 पीएम मित्रा पार्क स्थापित किए जा रहे हैं, जहां पूरी वैल्यू चेन को 'प्लग–एंड–प्लेइ मॉडल पर काम करने की सुविधा मिलेगी। यह क्षेत्र अब केवल परंपरा नहीं, बल्कि तकनीक, नवाचार और निर्यात का नया प्रतीक बन चुका है।

आज भारत को विश्व व्यापार संगठन और विश्व आर्थिक मंच जैसे वैश्विक संस्थान केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि ग्रोथ इंजन के रूप में देख रहे हैं। यह उस समर्पित प्रयास का परिणाम है, जो आदरणीय प्रधानमंत्री जी की नीतियों, योजनाओं और नागरिकों की सहभागिता से संभव हुआ है।

मैं दृढ़ता से मानता हूँ कि यह यात्रा केवल सरकार की नहीं, हर भारतीय की है। हमारे सामने आज जो उपलब्धियाँ हैं, वे उस संकल्प का परिणाम हैं जिसने हर गाँव, हर परिवार और हर नागरिक को जोड़ा। भारत आज एक विकल्प नहीं, एक प्रेरणा है, आत्मनिर्भरता की, समावेशिता की और वैश्विक नेतृत्व की। जब हम अमृतकाल में विकसित भारत झ2047 की परिकल्पना करते हैं, तो वह केवल एक सपना नहीं, एक साझा संकल्प है और मुझे विश्वास है इस संकल्प की सिद्धि का समय अब दूर नहीं।

# द फैमिली मैन 3 से मनोज बाजपेयी की पहली झलक जारी, श्रीकांत तिवारी बन लौट रहे



सीरीज 'फैमिली मैनझ् में मनोज बाजपेयी, श्रीकांत तिवारी का किरदार निभाते हैं। श्रीकांत एक स्पॉई एजेंट है। इस सीरीज के पहले दो सीजन कोदर्शकों ने काफी पसंद किया है। जल्द ही 'द फैमिली मैनझ् सीरीज का अगला सीजन भी आएगा। दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाने के लिए हाल ही में नएसीजन का एक पोस्टर शेयर किया है। हाल ही में 'द फैमिली मैनझ् के नए सीजन का जो पोस्टर रिलीज हुआ है, उसमें घने जंगलों के बीच श्रीकांत यानी मनोज बाजपेयी का किरदार नजर आरहा है। पोस्टर में आसपास बंदूक हाथ में लिए आंतकी नजर आ रहे हैं। इस बार श्रीकांत किस तरह के सीक्रेट मिशन पर है, इस बात का खुलासासीरीज के आने के बाद ही होगा। 'द फैमिली मैनझ् की सीरीज में मनोज बाजपेयी के अलावा प्रियामणि और शारिब हाशमी भी अहम किरदारों में नजर आते हैं। प्रियामणि साउथ कीजानी–मानी एक्ट्रेस हैं, इस सीरीज में वह श्रीकांत यानी मनोज बाजपेयी के किरदार की पत्नी का रोल करती हैं। शारिब हाश्मी, मनोज बाजपेयी केकिरदार के दोस्त और कुलीग बने हैं। वेब सीरीज 'द फैमिली मैनझ् को लेकर एक खबर यह भी थी, इसमें जयदीप अहलावत भी नजर आएंगे। पिछले दिनों इस सीरीज के बारे में जयदीप नेबात भी की थी।

## अक्षय खन्ना की अक्षरधाम: ऑपरेशन वज्र शक्ति का ट्रेलर जारी, 4 जुलाई को रिलीज होगी फिल्म

अभिनेता अक्षय खन्ना को पिछली बार फिल्म छावा में देखा गया था, जिसमें उन्होंने औरंगजेब का किरदार निभाया था। फिल्म में अक्षय के अभिनय को दर्शकों से खूब सराहना मिली, वहीं यह इस साल की सबसे कमाऊ फिल्म बनकर उभरी। अब जल्द ही अक्षय फिल्म अक्षरधाम: ऑपरेशन वज्र शक्ति के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान केन घोष ने संभाली है। अब निर्माताओं ने अक्षरधाम: ऑपरेशन वज्र शक्ति का ट्रेलर जारी कर दिया है। अक्षरधाम के ट्रेलर में अक्षय का धाकड़ अवतार दिख रहा है। फिल्म में वह राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के अधिकारी मेजर हनुत सिंह की भूमिका निभा रहे हैं। यह 2002 में गुजरात के अक्षरधाम मंदिर पर हुए दुखद आतंकी हमले और उसे नाकाम करने के लिए भारत के एनएसजी द्वारा चलाए गए ऑपरेशन पर आधारित है। इस फिल्म में गौतम रोडे, विवेक दहिया, अक्षय ओबेरॉय और अभिलाष चौधरी भी नजर आएंगे।

# भारतीय कप्तान शुभमन गिल के नाम जुड़ा अनचाहा रिकॉर्ड, विराट कोहली के क्लब में हुए शामिल

नई दिल्ली,शुभमन गिल की कप्तानी की शुरुआत अच्छी नहीं रही है. उनके नेतृत्व में भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा. 25 वर्षीय शुभमन गिल ने 20 जून को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट कप्तानी की शुरुआत की. उन्होंने पहली पारी में 147 रन बनाए लेकिन इसके बावजूद भारत को पांच विकेट से हार झेलनी पड़ी और उसके नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया. भारत ने चौथी पारी में इंग्लैंड के सामने 371 रनों का लक्ष्य रखा था. बेन डकेट की 149 रन की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने 82 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया. इस हार के साथ गिल दिलीप वेंगसरकर और विराट कोहली की अनचाही सूची में शामिल हो गए. वह शतक बनाने के बावजूद अपना पहला टेस्ट हारने वाले तीसरे भारतीय



कप्तान बन गए. दिलीप वेंगसरकर ने नवंबर 1987 में अरुण जेटली स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट कप्तानी की शुरुआत की थी. उन्होंने दूसरी पारी में 102 रन बनाए थे लेकिन उनके प्रयास बेकार गए और भारत 5 विकेट से हार गया. इसके बाद विराट कोहली ने दिसंबर 2014 में एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट कप्तानी की शुरुआत की. उन्होंने दोनों पारियों में शतक (115 और 141) बनाए लेकिन इसके बावजूद भारत को 48 रनों से हार स्वीकार करनी पड़ी. भारत के लिए चार बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल, गिल, ऋषभ पंत और केएल राहुल ने लीड्स टेस्ट में पांच व्यक्तिगत शतक बनाए. लेकिन फिर भी भारत को हार का सामना करना पड़ा. बेन डकेट ने शानदार 149 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत दिलाई. इंग्लैंड ने मंगलवार को पांच मैचों की एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में भारत को पांच विकेट से हरा दिया. अब इस सीरीज का दूसरा टेस्ट 2 जुलाई को खेला जाएगा. इस मैच में भारत ने पहली पारी 471 रन बनाए और इंग्लैंड को पहली पारी में 465 रन पर रोक दिया और 6 रनों की मामूली बढ़त हासिल की. भारत ने दूसरी पारी में 364 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत के लिए 371 का लक्ष्य दिया और इंग्लैंड ने बेन डकेट के शतक, जैक क्रॉली और जो रूट के शानदार अर्धशतकों के चलते 82 ओवर में 5 विकेट खोकर 373 रन बनाकर 5 विकेट से जीत हासिल कर ली.

# अभिनेत्री और मॉडल हैं भाग्यश्री बोरसे, जो फिल्म किंगडम में विजय देवरकोंडा के साथ करेंगी रोमांस?

काफी समय से विजय देवरकोंडा फिल्म किंगडम को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उनकी यह फिल्म 4 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। गौतम तिन्नानुरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विजय पहली बार अभिनेत्री भाग्यश्री बोरसे के साथ इश्क फरमाते नजर आएंगे। इस वक्त भाग्यश्री की खूब चर्चा हो रही है। ऐसे में प्रशंसक उनके बारे में जानने के लिए उत्साहित हैं। आइए जानें आखिर भाग्यश्री हैं कौन।

भाग्यश्री भारतीय सिनेमा की एक उभरती हुई अभिनेत्री और मॉडल हैं, जो मुख्य रूप से हिंदी और तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में काम



करती हैं। उनका जन्म 6 मई, 1999 को महाराष्ट्र के पुणे में हुआ था और वह 26 साल की हैं। भाग्यश्री ने साल 2023 में आई फिल्म यारियां 2 के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने तेलुगू सिनेमा का रुख किया और सुपरस्टार रवि तेजा के साथ फिल्म मिस्टर बच्चन में नजर आईं।भाग्यश्री ने कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन में भी काम किया है। यह फिल्म साल 2024 में दर्शकों के बीच आई थी, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। बता दें कि भाग्यश्री ने कई विज्ञापनों में भी काम किया है। अब भाग्यश्री फिल्म किंगडम के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा भाग्यश्री के पास फिल्म कांथा भी है, जिसमें वह दिग्गज अभिनेता दुलकर सलमान के साथ नजर आएंगी।

## लीड्स टेस्ट में हार के बाद टीम इंडिया में बड़ा बदलाव

नई दिल्लीतेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हर्षित राणा को एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज के दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम से रिलीज कर दिया गया है. राणा अब लीड्स से ही भारत वापस आ रहे हैं. राणा को इससे पहले लीड्स में पहले टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था, जिसे इंग्लैंड ने 371 रनों का पीछा करते हुए 5 विकेट से जीता था. रिपोर्ट के अनुसार, हर्षित राणा बुधवार को दूसरे टेस्ट के लिए बर्मिंघम रवाना हुए दल के बाकी सदस्यों के साथ यात्रा पर नहीं गए. भारतीय दल स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11:30 बजे लीड्स से बस से रवाना हुआ. राणा को इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच से कुछ दिन पहले ही भारतीय स्कवाड में शामिल किया गया था. वह भारत ए टीम का हिस्सा थे जिसने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेले थे और उन्हें बैकअप तेज गेंदबाज के तौर पर टीम इंडिया के साथ रहने के लिए कहा गया था.

## त्रिकोणीय सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टी–20 टीम घोषित

नईदिल्ली,दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम को आगामी 14 जुलाई से मेजबान जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ टी–20 प्रारूप में सीरीज खेलनी है। इसके त्रिकोणीय सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम का ऐलान किया है। रसी वैन डेर डुसेन की कप्तानी वाली 14 सदस्यीय टीम में युवा डेवाल्ड ब्रेविस को भी चुना गया है। आइए इस सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम पर एक नजर डालते हैं।

ब्रेविस ने अगस्त 2023 ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी–20 सीरीज में डेब्यू किया था। उस सीरीज में उन्होंने 2 मैच खेले, जिसमें उन्होंने सिर्फ 5 रन बनाए थे। वह अब 2 साल बाद फिर से टी–20 अंतरराष्ट्रीय खेल सकते हैं। वह हाल ही में विटैलिटी ब्लास्ट टी–20 टूर्नामेंट में खेलते हुए दिखे थे। इससे पहले आईपीएल 2025 में



सीएसके से खेलते हुए उन्होंने 6 पारियों में 37.50 की औसत से 225 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी इस टीम में कोर्बिन बॉश, लुआन–ड्रे प्रीटोरियस, रुबिन हरमन और सेनुरन मुथुसामी के रूप में 4 अनकैप्ड खिलाड़ियों (टी–20 में) को चुना है। सीरीज के लिए ऐसी है दक्षिण अफ्रीकी टीम: रसी वैन डेर डुसेन (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, नंद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जी, रीजा हेंड्रिक्स, रुबिन हरमन, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, सेनुरन मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, नकाबा पीटर, लुआन–ड्रे प्रिटोरियस, और एंडिले सिमलेन।

## एक नजर

### नहीं रहे पूर्व पालिकाध्यक्ष कुंजबिहारी नेगी

पौड़ी। पूर्व पालिका अध्यक्ष पौड़ी कुंज बिहारी नेगी का निधन हो गया, वे करीब 84 साल के थे और कुछ दिन से बीमार चल रहे थे। उन्होंने पौड़ी स्थित अपने निवास पर बुधवार को अंतिम सांस ली। उत्तराखंड आंदोलन से लेकर गढ़वाल विश्वविद्यालय सहित और अन्य तमाम आंदोलनों में हिस्सा लेने वाले कुंजबिहारी नेगी अविवाहित थे। उनके निधन पर राजनीतिक दलों, कलाकारों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज और पौड़ी के विधायक राजकुमार पोरी ने भी पूर्व पालिकाध्यक्ष कुंजबिहारी नेगी के निधन पर शोक जताया है। कुंज बिहारी नेगी का पौड़ी के प्रति बेहद लगाव था और वह अंत तक बड़ी गहराई से पौड़ी से जुड़े रहे। पूर्व पालिकाध्यक्ष कुंजबिहारी नेगी ने गढ़वाल विश्वविद्यालय (अब केंद्रीय विश्वविद्यालय) की स्थापना के लिए चलाएं गए आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आंदोलन को सफल बनाने के लिए वह कई दिनों तक भूख हड़ताल पर भी बैठे थे। इसके लिए उन्हें अपने अन्य साथियों के साथ जेल भी जाना पड़ा था। इसके साथ ही उन्होंने कई आंदोलनों में भी अग्रणीय भूमिका निभाई थी। विभिन्न आंदोलनों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने वाले कुज बिहारी नेगी की पहचान एक संघर्षशील व्यक्तित्व के रूप में जानी जाती है। वह पौड़ी में स्वास्थ्य सेवाओं को पटरी पर लाने के लिए कई बार मुखर रहे। उनके लंबे संघर्ष को देखते हुए पौड़ी की जनता ने उन्हें अभिभाजित उत्तर प्रदेश में वर्ष 1997 में पौड़ी नगर पालिका का अध्यक्ष बनाया। कुंज बिहारी नेगी 2002 तक इस पद पर रहे। इससे पूर्व कुंजबिहारी नेगी पौड़ी डिग्री कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष भी रहे। कुंज बिहारी नेगी विभिन्न संगठनों के द्वारा सम्मानित भी हुए। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार श्रीनगर अलकनंदा नदि के घाट पर किया गया। उनके निधन पर गुरुवार को पौड़ी पालिका ने भी शोक में दफ्तर बंद रखा। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज , विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी सहित पूर्व पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम, पालिकाध्यक्ष पौड़ी हिमानी नेगी, बीजेपी जिलाध्यक्ष कमल किशोर रावत,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष केशर सिंह, प्रशांत नेगी, सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, रंगमंच के कलाकारों, पालिकाकर्मियों आदि ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए इसे अपूर्णीय क्षति बताया है।

### गोपेश्वर में अंतरर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान

चमोली। चमोली पुलिस ने अंतरर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर गुरुवार को पुलिस कर्मियों ने जीवन में कभी भी नशा न करने की शपथ ग्रहण की। पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने जीवन में कभी भी नशा ना करने की शपथ लेकर एंटी नारकोटिक्स ब्यूरो की वेबसाइट से ई–प्रतिज्ञा पत्र लेकर स्वयं और अपने परिवार के सदस्यों को भी नशा न करने की शपथ ली । चमोली पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने बताया नशे के खिलाफ जनपद में पुलिस जनता के सहयोग से नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रही है। नशा तस्करों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई भी की जा रही है।

### सीएसडी कैंटीन सड़क को दुरुस्त किया जाए

श्रीनगर गढ़वाल। पूर्व सैनिक एवं जन कल्याण समिति श्रीनगर ने स्वीत श्रीकोट स्थित सीएसडी कैंटीन सड़क को दुरुस्त कर डामरीकरण करने की मांग पर नगर निगम महापौर आरती भंडारी को ज्ञापन दिया।पूर्व सैनिक एवं जन कल्याण समिति के सदस्य कैप्टन भूपेंद्र सिंह, कैप्टन वीरेंद्र सिंह कुंवर ने कहा कि लगभग 50 से 60 मीटर पर खराब स्थिति बनी है जिससे कैंटीन आने–जाने में भारी परेशानियां हो रही हैं। महापौर आरती भंडारी ने वार्ता में पूर्व सैनिकों को आश्वस्त करते हुए शीघ्र ही उचित कार्यवाही किये जाने की बात कही।

# महिला पर्यावरण मित्र ने लगाया पार्षद पर अभद्रता का आरोप

**आक्रोशित देव भूमि निकाय संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने किया प्रदर्शन ,जल्द पार्षद की गिरफ्तारी नहीं होने पर दी कार्यबहिष्कार की चेतावनी**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः कोटद्वार नगर निगम में तैनात एक महिला पर्यावरण मित्र ने वार्ड नंबर-11 के पार्षद विपिन डोबरियाल ने अभद्र व्यवहार के साथ ही जाति-सूचक शब्दों के प्रयोग का आरोप लगाया है। पर्यावरण मित्र के साथ ही घटना के बाद देवीभूमि निकास संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने पार्षद के खिलाफ प्रदर्शन किया। वहीं, महिला पर्यावरण मित्र की तहरीर पर पुलिस ने पार्षद के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कर लिया है।

गुरवार को पर्यावरण मित्रों ने नगर निगम परिसर में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह घाघट ने बताया कि महिला पर्यावरण मित्र वार्ड नंबर 11 में सफाई कार्य कर रही थी। इसी दौरान पार्षद विपिन डोबरियाल महिला पर्यावरण मित्र का अपने फोन में वीडियो बनाने लगे।



नगर निगम परिसर में पार्षद के खिलाफ प्रदर्शन करते पर्यावरण मित्र

पर्यावरण मित्र ने जब इसका विरोध किया तो पार्षद उसके साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। साथ ही देखलेने की धमकी देते हुए जाति–सूचक शब्दों का प्रयोग करने लगे। कहा कि पर्यावरण मित्रों के साथ इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके उपरांत सभी पर्यावरण मित्र कोतवाली में पहुंचे और पुलिस को तहरीर देते हुए पार्षद के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। कहा कि पार्षद के इस व्यवहार से पर्यावरण मित्रों में रोष बना हुआ है। यदि जल्द पार्षद की गिरफ्तारी नहीं हुई तो पर्यावरण मित्र कार्यबहिष्कार को मजबूर होंगे। वहीं, पार्षद विपिन डोबरियाल ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बनाते हुए कहा कि वार्ड सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना एक पार्षद की जिम्मेदारी है। कहा कि उनके खिलाफ साजिश रची जा रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षण रमेश तनवार ने बताया कि पार्षद के खिलाफ जाति-सूचक शब्दों के प्रयोग सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सेल्फी प्वाइंटों को बनाए सुरक्षितः डीएम

नई टिहरी। डीएम नितिका खंडेलवाल ने सम्बंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सेल्फी प्वाइंटों को सुरक्षित बनाने का काम करें। जिससे किसी भी पर्यटक या आम आदमी की जान जोखिम में न पड़े। डीएम ने कहा कि डिजीटल तथा सोशल मीडिया के युग में सेल्फी लेने तथा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म में अपलोड करने का प्रचलन तेजी से बढ़ने के कारण कई बार लोग अपनी जान की परवाह किए बिना खतरनाक स्थानों पर चले जाते हैं। जिससे उनकी जिन्दगी खतरे में पड़ जाती है। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां लोग ऊंचाई वाले स्थानों, प्रतिबन्धित क्षेत्रों, रेलवे ट्रैक, रेलवे स्टेशन, धार्मिक स्थलों, जलप्रपात, नदी, तालाब, तीव्र ढाल वाली पहाड़ियों, खतरनाक जानवरों तथा जीव–जन्तुओं के सामने, ऊंची इमारतों, पुलों, चलते वाहन, वाहन के सन रूफ आदि पर सेल्फी लेने के प्रयास में दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

## पति व बेटे को जान से मारने की धमकी देकर लाखों की ठगी

### पुलिस ने आरोपी साइबर ठग को बिहार से किया गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला को उसके पति व बेटे को जान से मारने की धमकी देकर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी साइबर ठग को पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए बदमाश ने बालासौड़ निवासी एक युवक से भी लाखों की ठगी की थी।

पुलिस ने बताया कि फरवरी माह में जौनपुर निवासी आरती बेलवाल को एक अज्ञात नंबर से वाट्सएप पर काल आई। काल करने वाले व्यक्ति ने आरती को बताया कि उसका पति व बेटा उसके कब्जे में हैं। यदि उसने उन्हें पैसे नहीं दिए तो वह दोनों को जान से मार देंगे। आरती ने बताया कि बेटे व पति की जान को खतरा होने की बात सुनते ही वह डर गई। जिसके बाद उन्होंने व्यक्ति के बताए



कोतवाली पुलिस की हिरासत में साइबर ठगी का आरोपी

फोन नंबर पर छह लाख 90 हजार रुपये यूपीआई कर दिए। पैसे खाते में डालने के बाद उन्हें मालूम हुआ कि वह साइबर ठगी का शिकार हो गई हैं। वहीं, कुछ दिन पूर्व बालासौड़ निवासी गणेश चौधरी की ओर से भी पुलिस को तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि उनका भाई विदेश में नौकरी करता है। कुछ दिन पूर्व उन्हें वाट्सएप नंबर पर एक काल आई काल करने वाले व्यक्ति ने बताया कि विदेश में रह रहे उनके भाई का वीजा समाप्त हो गया है। यदि वीजा की तारीख नहीं बढ़ाई गई तो उनके भाई के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। बताया कि डर से उन्होंने उक्त व्यक्ति को नौ लाख 45 हजार रुपये की धनराशि यूपीआई कर दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जिस खाते में पैसे ट्रांसफर किए गए उसकी जांच करवाई गई। पहचान होने के बाद पुलिस ने बिहार चंपारण निवासी साजिद खान को गिरफ्तार किया है। बताया कि साजिद खान एक साइबर गैंग से जुड़ा हुआ है।

# देवी रोड में दूसरे दिन भी हटाया गया अतिक्रमण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत देवी रोड में सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। लोकनिर्माण विभाग ने जेसीबी की मदद से सड़क किनारे नहर के ऊपर बनी स्लैब को ध्वस्त किया। साथ ही व्यापारियों को दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी।

देवी रोड में पनियाली गदेरे पर बनी पुलिया से आगे नहर के ऊपर बने अतिक्रमण को हटाने का कार्य चल रहा है। पहले दिन लोकनिर्माण विभाग ने मोटर नगर तक नहर के ऊपर बनी स्लैब को ध्वस्त किया था। दूसरे दिन गुरुवार को लोकनिर्माण विभाग ने मोटर नगर से आगे प्राथमिक विद्यालय सिताबपुर तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सुबह करीब 11 बजे जैसे ही जेसीबी की मशीन अतिक्रमण हटाने पहुंची व्यापारियों ने इसका



कोटद्वार के देवी रोड में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करती लोनिवि की जेसीबी मशीन

विरोध करना शुरु कर दिया था। लेकिन, लोकनिर्माण विभाग की सख्ती के आगे उनकी एक न चल सकी। कई व्यापारियों ने लोकनिर्माण विभाग से स्वयं ही अतिक्रमण हटाने की मोहलत मांगी। जिसके बाद व्यापारी श्रमिकों को बुलाकर स्वयं ही स्लैब को तुड़वाने लगे। व्यापारियों का कहना था कि उन्होंने दुकान में आवागमन के लिए नहर के ऊपर स्लैब बनाई हुई है। ऐसे में स्लैब टूटने से जलभराव की स्थिति पैदा होगी। साथ ही राहगीरों को भी आवागमन में परेशानी होगी। लोकनिर्माण विभाग ने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर नियुक्ति पाने वाला गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्रों के आधार पर सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्ति पाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने उत्तर प्रदेश के मेरठ से विभिन्न दस्तावेज तैयार किए थे। दस्तावेज की जांच के बाद व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

31 जून को उप शिक्षा अधिकारी प्राथमिक शिक्षा रिखणीखाल की ओर से रिखणीखाल कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें बताया गया था कि रिखणीखाल ग्राम धूरा निवासी दिनेश सिंह रावत फर्जी दस्तावेज के आधार पर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्त है। पुलिस जांच में सामने आया कि व्यक्ति मृतक आश्रित के रूप में शिक्षक के पद पर तैनात है। व्यक्ति ने वर्ष 1993 में उत्तर प्रदेश के जनता इंटर कॉलेज छज्जुपुर



कोटद्वार कोतवाली पुलिस की हिरासत में फर्जी दास्तावेज बनाकर नौकरी पाने वाला व्यक्ति

जनपद गाजियाबाद हापुड़ से माध्यमिक शिक्षा परिषद मेरठ का प्रमाण इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होने का दस्तावेज तैयार करवाया था। साथ ही इन्हीं दस्तावेजों को शिक्षा विभाग में नौकरी के लिए जमा करवा। जबकि, वर्ष 1993 में व्यक्ति ने संबंधित शिक्षा परिषद से किसी भी तरह की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि दस्तावेजों की छानबीन, सत्यापन व साक्ष्यों के आधार पर गुरुवार को आरोपी दिनेश सिंह रावत को उसके वर्तमान पते शिब्बूनगर कोटद्वार से गिरफ्तार किया गया।

## चमोली में 300 ग्राम कीड़ा जड़ी के साथ दो लोग गिरफ्तार

चमोली। चमोली में पुलिस ने दो लोगों को कीड़ा जड़ी के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त की गई कीड़ा जड़ी की कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 300 ग्राम कीड़ा जड़ी पकड़ी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने बताया कि विशेष टीम ने गौचर चौकी के समीप बैरियर पर चेकिंग के दौरान एक चौपहिया वाहन से 300 ग्राम प्रतिबंधित कीड़ा जड़ी (यारशागुंबा) बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

बुधवार को गौचर चौकी स्थित बैरियर पर वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान एक चौपहिया वाहन को रोका गया। वाहन में सवार चालक सहित दो लोगों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से कुल 300 ग्राम प्रतिबंधित कीड़ा जड़ी बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रणजीत सिंह राणा (उम्र 47 वर्ष) निवासी ग्राम सुभाई जोशीमठ और सयन सिंह (उम्र 38 वर्ष) निवासी ग्राम सुभाई, कोतवाली जोशीमठ के रूप हुई है। रणजीत के पास 200 ग्राम और सयन के पास से 100 ग्राम कीड़ा जड़ी जब्त की गई है।

## डुंगरीपंत के पास अलकनंदा नदी में मिला महिला का शव

श्रीनगर गढ़वाल। रूद्रप्रयाग घोलतीर के समीप गुरुवार को हुई बस दुर्घटना में लापता हुए एक यात्री का शव अलकनंदा नदी में डुगरीपंत के समीप मिला है। श्रीनगर पुलिस द्वारा शव को नदी से निकालकार रूद्रप्रयाग पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। रूद्रप्रयाग में हुए बस हादसे में लापता यात्रियों की खोजबीन में श्रीनगर पुलिस, एसएसबी, एसडीआरएफ व जल पुलिस के जवान जुटे रहे। नगर क्षेत्र में अलकनंदा नदी पर सुबह से ही सर्च आपरेशन चलाया गया। यहां कलियासौड़, धारी देवी मंदिर परिसर के पास, डुगरीपंत, फरासू समेत जल विद्युत परियोजना की झील में लगातार राफ्ट व दूरबीन के माध्यम से सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान अलकनंदा नदी में डुगरीपंत के पास 40वीं पीएससी आपदा राहत दल के जवानों को एक शव मिला। जवानों के द्वारा शव को नदी से बाहर निकाला गया। एसडीआरएफ इंस्पेक्टर मंजरी नेगी ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद से ही नदी तटों पर जवानों को तैनात किया गया और खोजबीन जारी है। बताया कि टीमों को तीन भागों में बांटा गया है व अलग–अलग जगह नदी में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर ओबीएम व राफ्ट की सहायता से भी सर्च अभियान जारी है। इधर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्रीनगर जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि डुगरीपंत में एक शव मिलने के बाद रूद्रप्रयाग पुलिस को सूचित किया गया,जिसके बाद रूद्रप्रयाग पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर रूद्रप्रयाग ले जाया गया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

नं.74-W/2/3/WA/Publication — दिनांक: 25.06.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 78-DRM-MB-25-26 20.06.2025 | 82-DRM-MB-25-26 20.06.2025 | 83-DRM-MB-25-26 24.06.2025 | 77-DRM-MB-25-26 20.06.2025 | 81-DRM-MB-25-26 20.06.2025 | 84-DRM-MB-25-26 24.06.2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Zone No. HW-1 (HW) (2025-26) :- Aithal to Rishikesh (Excluding Aithal) of service buildings and residential buildings (Excluding Aithal) and staff quarters at HW for general road and wood work under ADEN/HW. | Zone No. HW-2 (2025-26) Dehradun to Raiwala (excluding Raiwala) of service buildings and Dehradun to Raiwala (Excluding Raiwala and Dehradun) of residential building & staff quarter at Dehradun for general road and wood work in the section of SSE/W/DDN under ADEN/HW | Zone No. HW-3 (JP) (2025- 26) :- Oak Grove School Jharipani of service buildings and residential buildings for general road and wood work under ADEN/HW | Zone No. HW- 4 (YNRKSH) (2025-26):- Virbhadra to Yognagri Rishikesh (Excluding Rishikesh) of service buildings and residential buildings for general road and wood work under ADEN/HW. | Zone No. RK- 1 (RK) 2025-26: Laksar to Baliakheri (Excluding Laksar) of service and residential building and staff quarter for general, road and wood work under ADEN/RK | Zone No. RK-2 (LRJ) 2025-26 :- Fazalpur to Laksar (1500 to 1538) and Laksar to Aithal (0 to 09) of service building and residential building for general road and wood work under ADEN/RK. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 24.07.2025 16:00 | 24.07.2025 16:00 | 24.07.2025 16:00 | 24.07.2025 16:00 | 24.07.2025 16:00 | 24.07.2025 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,09,84,574.46 | 1,36,98,895.64 | 1,64,98,051.16 | 64,95,881.43 | 1,09,84,574.46 | 45,49,455.35 |
| धरोहर राशि | 2,04,900.00 | 2,18,500.00 | 2,32,500.00 | 1,22,900.00 | 2,04,900.00 | 91,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 10.07.2025 | 10.07.2025 | 10.07.2025 | 10.07.2025 | 10.07.2025 | 10.07.2025 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 30.06.2026 | 30.06.2026 | 30.06.2026 | 30.06.2026 | 30.06.2026 | 30.06.2026 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

1911/25

## कोटद्वार छात्रावास के बॉक्सरों का दिखा जलवा

कोटद्वारःहरियाणा के रोहतक में हुए जूनियर नेशनल बाक्सिंग चैंपियनशिप में कोटद्वार के छात्रावास के बाक्सरों का दबदबा देखने को मिला। छात्रावास के बाक्सर लक्की बगड़वाल ने रजत पदक जीतकर वेस्ट चैलेंजिग खिताब को अपने नाम किया।

स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी ने बताया कि विगत 19 से 25 जून तक रोहतक (हरियाणा) में जूनियर नेशनल बाक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। चैंपियनशिप में उत्तराखंड की टीम से 13 बाक्सरों ने विभिन्न भार वर्ग में प्रतिभाग किया। जिसमें कोटद्वार छात्रावास से पांच बाक्सरों ने विभिन्न भार वर्ग में प्रतिभाग कर बेहतर प्रदर्शन किया। जिसमें लक्की बगड़वाल ने 54 से 57 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त कर बेस्ट चैलेंजिग बाक्सर का खिताब अपने नाम किया। इसी तरह से वंश खाती ने 52 से 54 किलोग्राम भार वर्ग में, प्रत्यूष डोभाल ने 57 से 60 किलोग्राम भार वर्ग में ,अभय धामी ने 63 से 66 किलोग्राम भार वर्ग में मयंक नेगी ने 66 से 70 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिभाग किया। कहा कि इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड की टीम को कुल 1 स्वर्ण 2 रजत और 3 कांस्य पदक प्राप्त हुए।जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह रावत व सभी स्टेडियम के कोचों ने और खेल प्रेमियों ने इन मुक्केबाजों का शुभकामनाएं दी है।

### पूर्व मंत्री मोहन सिंह रावत गांववासी की पत्नी को मिलेगी पेंशन

**जयन्त प्रतिनिधि ।**

पौड़ीः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर डीएम पौड़ी स्वाति एस. भदौरिया ने पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. मोहन सिंह रावत गांववासी की पत्नी मुन्नी देवी रावत का लोकतंत्र सेनानी सम्मान पेंशन का आवेदन भरवाया है। गुरुवार को एसडीएम यमकेश्वर के प्रतिनिधि स्व. मोहन सिंह रावत के देहरादून स्थित आवास पर पहुंचे और उनकी पत्नी मुन्नी देवी रावत से मुलाकात कर पेंशन फार्म की औपचारिकताएं पूरी करवाते हुए उनका आवेदन भरा। डीएम ने आश्वस्त किया है कि स्व. मोहन सिंह रावत गांववासी की पत्नी मुन्नी देवी को लोकतंत्र सेनानी पेंशन का लाभ शीघ्र दिया जाएगा।

### पौड़ी जिले में चलाया जाएगा पौधा रोपण

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः हरेला पर्व के तहत जिले में चल रहे पौधरोपण को लेकर सीडीओ 20 जुलाई तक वृहद अभियान चलाने को कहा है। सीडीओ ने कहा कि आजकल पोलिंग बूथों पर चल रहे पौधरोपण निगरानी भी की जाए। अफसरों की बैठक लेते हुए सीडीओ गिरीश गुणवंत निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर पौधरोपण हो चुका है, वहां की हर दिन रिपोर्ट दी जाए। कहा कि पौधरोपण केवल औपचारिकता न हो बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी प्रयास रहे। सभी एसडीएम, बीडीओ से भी कहा है कि यदि पौधों की जरूरत हो तो उद्यान व वन विभाग से समन्वय करे। पोलिंग बूथों पर पौधरोपण में अफसर स्वयं मौके पर रहे।पोलिंग बूथों पर लगाएं गए पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संबंधित स्कूलों के शिक्षकों की होगी। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्रीगार्ड भी लगाएं जाए।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण**
**जिला न्यायालय परिसर ,पौड़ी गढ़वाल।**
दूरभाष संख्या 01368–221815dlsapauri@gmail.com

विज्ञप्ति संख्या 02/जि.वि.से.प्रा.पौडी/2025–26 — दिनांकः– 26/06/2025

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत संचालित लीगल एड डिफेंस काउन्सल सिस्टम ( LADCS ) के कार्यालय हेतु मा0 उत्तराखण्ड़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के पंत्राक सं0 1240/यू0के0एस0एल0एस0ए0/2025–26 दिनांकित 23 जून 2025, के अनुक्रम में संविदा पर भर्ती की जानी है–

पद का विवरण

| क्र.स. | पदनाम | पद की संख्या | वेतन | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Deputy Legal Aid Defense Counsel, | 01 | 50,000/- | 1. Practice in criminal law for at least 7 years, 2. Excellent understanding of criminal law, 3. Excellent oral and written communication skills, 4. Skill in legal research, Through understanding of ethical duties of defense counsel, Ability to work effectively and efficiently with others, Must have handled at least 20 criminal trials in sessions Courts, may be relaxed in exceptional circum stances, by Hon'ble executive Chairman , SLSA 5. IT Knowledge with proficiency in work. |

इच्छुक अधिवक्ता द्वारा अपना पूर्ण रूप से भरा आवेदन पत्र समस्त वांछित अर्हताओं के स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर पौड़ी गढ़वाल में भौतिक रूप से या पंजिकृत डाक के माध्यम से **दिनांक 08.07.2025 की सांय 05.00 बजे तक** किसी भी कार्यदिवस पर दिया जा सकता है। तत्पश्चात् किसी भी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

आवेदन पत्र जनपद न्यायालय, पौड़ी गढवाल की उक्त ऑफिसियल वेबसाईट https://paurigarhwal.dcourts.gov.in/से डाउनलोड किया जा सकता है।

नोट –
1– चयन सम्बन्धी समस्त सूचना जनपद न्यायालय, पौड़ी गढवाल की उक्त ऑफिसियल वेबसाईट के माध्यम से दी जाएगी।
2– **Deputy Legal Aid Defense Counsel** का कार्य पूर्ण कालिक होने के कारण चयनित विधि व्यवसायी निजी विधि व्यवसाय अथवा परामर्श का कार्य करने के लिये प्रतिबन्धित होगा।

**सिविल जज (सी0डि0)/सचिव**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण**
**पौड़ी गढ़वाल**

**Deputy Legal Aid Defense Counsel के चयन हेतु आवेदन पत्र**

अभ्यर्थी की स्वप्रमाणित नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज की फोटोग्राफ

1– अधिवक्ता का नाम (हिन्दी में)........................
(अंग्रेजी कैपिटल लैटर में)........................
2– पिता/पति का नाम (हिन्दी में)........................
(अंग्रेजी कैपिटल लैटर में)........................
3– पता ........................ ........................
4– पंजीकरण संख्या व वर्ष तथा कुल अनुभव की अवधि ........................
(प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें)
5– सम्बन्धित बार एसोसिएशन का नाम (परिचय पत्र की स्वप्रमाणित प्रति दाखित करें)–
6– विषय जिसमें विशेषज्ञता हो– फौजदारी मामले/दीवानी मामले/वैवाहिक मामले/राजस्व मामले/मोटर दुर्घटना पिटिशन सम्बन्धी मामले/संवैधानिक विधि/श्रम विधि/किशोर न्याय संबंधी विधि (टिक करें)–
7– कम्प्यूटर का ज्ञान है अथवा नहीं–
8– श्रेणी (सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग)–
9– ई–मेल आई0डी एवं व्हाटसएप नम्बर________________
दिनांक – अधिवक्ता के हस्ताक्षर
स्थान –
उद्घोषणा – मैं घोषित करता/करती हूं कि ऊपर दी गयी समस्त जानकारी मेरी निजी जानकारी में सही एवं सत्य है।
दिनांक – **अधिवक्ता के हस्ताक्षर**

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण**
**जिला न्यायालय परिसर ,पौड़ी गढ़वाल।**
दूरभाश संख्या 01368–221815dlsapauri@gmail.com

विज्ञप्ति संख्या 03/जि.वि.से.प्रा.पौडी/2025–26 — दिनांकः– 26/06/2025

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत संचालित लीगल एड डिफेंस काउन्सल सिस्टम ( LADCS ) के कार्यालय हेतु मा0 उत्तराखण्ड़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के पंत्राक सं0 1240/यू0के0एस0एल0एस0ए0/2025–26 दिनांकित 23 जून 2025, के अनुक्रम में संविदा पर भर्ती की जानी है–

पद का विवरण

| क.स. | पदनाम | पदो की संख्या | वेतन | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Office Assistant | 01 | 20,000/- | • Graduation • Basic word processing skills and the ability to operate computer • Typing speed of 40 WPM • Ability to take dictation and entering data • File maintenance and processing Knowledge. |
| 2- | Peon | 01 | 12,000/- | 10th |

इच्छुक अर्ह अभ्यर्थियों द्वारा अपना पूर्ण रूप से भरा आवेदन पत्र समस्त वांछित अर्हताओं के स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ अपना पूर्ण पता लिखे , जिस पर 42 रूपये का डाक टिकट चस्पा किया हो, एक लिफाफे के साथ कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर पौड़ी गढ़वाल में भौतिक रूप से या पंजिकृत डाक के माध्यम से **दिनांक 08.07.2025 की सांय 05.00 बजे तक** किसी भी कार्य दिवस पर दिया जा सकता है। तत्पश्चात् किसी भी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
आवेदन पत्र जनपद न्यायालय, पौड़ी गढवाल की उक्त ऑफिसियल वेबसाईट https://paurigarhwal.dcourts.gov.in/से डाउनलोड किया जा सकता है।

नोट –
चयन सम्बन्धी समस्त सूचना जनपद न्यायालय, पौड़ी गढवाल की उक्त ऑफिसियल वेबसाईट के माध्यम से दी जाएगी।

**सिविल जज (सी0डि0)/सचिव**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण**
**पौड़ी गढ़वाल।**

**Office Assistant and Peon के चयन हेतु आवेदन पत्र**

1– अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का नाम (हिन्दी में)
(अग्रेजी कैपिटल लैटर में)
2– पिता/पति का नाम (हिन्दी में)
(अग्रेजी कैपिटल लैटर में)
3– चयन हेतु पदनाम भरे
4– स्थाई पता........................वि0ख0.................तहसील.................जिला........................
5 पत्राचार का पता........................
6– जन्म तिथि........................(DD-MM-YYYY........................आयु........................
(आवेदन प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि को आवेदक/आवेदिका की आयु 21 वर्ष से कम व 42 वर्ष से अधिक न हो)।
7– लिंग– पुरूष/महिला/ट्रांसजेण्डर, कृपया सही का निशान लगायें (✔ )
8– जाति........................(प्रमाण पत्र संलग्न करें)
9– मोबाईल नम्बर........................
10– ई–मेल आई0डी (यदि कोई हो)........................
11– आधार संख्या........................(स्वाप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)
12– शैक्षिक योग्यता........................(स्वाप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें)
13– वर्तमान पेशा/कार्य........................
14– कार्यानुभव(प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न की जाए)........................
दिनांक – प्रार्थी/प्रार्थिनी के हस्ताक्षर
**घोषणा** : यह की मेरे द्वारा आवेदन पत्र में भरे गये समस्त विवरण मेरी जानकारी व विश्वास में पूर्ण एवं सत्य हैं, यदि कोई सूचना असत्य, अपूर्ण या छुपाई गयी पायी जाती हैं, तो मेरा चयन निरस्त कर दिया जाये तथा मै कानूनी कार्यवाही के लिए उत्तरदायी रहूंगा/रहूगीं।
दिनांक – प्रार्थी/प्रार्थिनी के हस्ताक्षर

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. बिष्ट बने गढ़वाल विवि के मुख्य छात्रावास अधीक्षक

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय में इतिहास विभाग के डॉ. सुरेंद्र सिंह बिष्ट को मुख्य छात्रावास अधीक्षक बनाया गया है। डॉ. बिष्ट खेल उप छात्रावास अधीक्षक के साथ ही खेल निदेशक का जिम्मा भी देख रहे हैं। गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह के निर्देशन पर कुलसचिव ने मुख्य छात्रावास अधीक्षक के लिए आदेश जारी किए हैं। प्रो. बिष्ट विवि में एनसीसी अधिकारी भी रह चुके हैं।

ज्ञात हो कि पूर्व में छात्रों के आक्रोश को देखते हुए गढ़वाल विवि के मुख्य छात्रावास अधीक्षक समेत सहायक छात्रावास अधीक्षकों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया था। गुरूवार को कुलसचिव प्रो. हरभजन सिंह चौहान ने अग्रिम आदेशों तक डॉ. एसएस बिष्ट को छात्रावास अधीक्षक का जिम्मा सौंपा है।

### नेत्र जांच शिविर में 120 मरीजों ने कराई जांच

श्रीनगर गढ़वाल। कीर्तिनगर ब्लॉक अंतर्गत लोस्तु बड़ियारगढ़ के तेगड़ बाजार में द हंस फाऊंडेशन हॉस्पिटल सतपुली के सहयोग से गुरुवार को निशुल्क नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने बताया कि पूर्व प्रधान शूरवीर सिंह भंडारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनमोहन सिंह पंवार के संयोजन में द हंस फाऊंडेशन हॉस्पिटल सतपुली के सहयोग से क्षेत्र में निशुल्क नेत्र रोग जांच शिविर में 120 से अधिक मरीजों की आंखों की जांच की गई।

शिविर में 25 से 30 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनका 28 जून को सतपुली हॉस्पिटल में निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि द हंस फाउंडेशन हॉस्पिटल लगातार स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तराखंड में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। निशुल्क कैंप में मरीजों को निशुल्क दवाईयाँ एवं चश्में भी वितरित किए गए। इस मौके पर अमित सिंह, ऑप्टोमेट्रिस्ट भूपेंद्र रावत, रविंद्र नेगी, संतोष व आदि उपस्थित रहे।

### कीर्तिनगर में उपजिलाधिकारी चावला ने संभाला कार्यभार

श्रीनगर गढ़वाल। कीर्तिनगर की नवनियुक्त उपजिलाधिकारी नीतू चावला के पदभार संभालने पर भाजपाईयों ने खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित प्रदेश स्तरीय नेताओं का आभार व्यक्त किया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि कीर्तिनगर में उपजिलाधिकारी की स्थायी नियुक्ति होने से अब लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही लोगों को तहसील स्तर के कामकाज के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। मौके पर आभार प्रकट करने वालों में विनोद सिंह रावत, डा. उत्तम सिंह भंडारी, राम सिंह मेहरा, राम सिंह बुटोला, आंचला नेगी, रामलाल नौटियाल, संतोष मेहता, अवतार मेहरा, मोहन सिंह, कल्पना कठैत, जय सिंह कठैत आदि शामिल रहे।

# सत्ता को बचाए रखने के लिए संविधान को दरकिनार कर लगाया आपातकाल




नई टिहरी। भाजपा ने आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस पर निशाना साधा। कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता को बचाए रखने के लिए संविधान को दरकिनार कर देश में आपातकाल लगाया। लेकिन सरकार के इस निर्णय के खिलाफ खड़े हुए लोगों को पर कई यातनाएं दी। कहा कि देश इस काले दिन को कभी नहीं भूलेगा। गुरुवार को ऋषिकेश की पूर्व मेयर अनीता ममगाईं ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि कांग्रेस पर कई आरोप लगाए। कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी संविधान हाथ लेकर घूम रहे हैं। लेकिन वह भूल गए कि उनकी दादी तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाए रखने के लिए संविधान की हत्या कर आधी रात में आपातकाल लगा दिया। कहा कि इंदिरा की हठधर्मिता के कारण देश 21 महीने कैद में रहा। लोगों की पकड़–पकड़ कर नसबंदी कराई। कहा कि सरकार के इस निर्णय का विरोध करने पर संघ से लेकर अन्य लोगों के लोगों को जेल भेजा गया। जहां उन पर अत्याचार का कई यातनाएं दी गई। कहा कि कांग्रेस ने 60 साल सत्ता में रहने पर कभी भी संविधान का सम्मान नहीं किया है।

# कफोल गांव में परमार को प्रधान बनाने पर सहमति



नई टिहरी। हाईकोर्ट और सरकार की पेंच में फंसे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बावजूद कई ग्रामीण क्षेत्रों में लोग निर्विरोध ग्राम प्रधान बनाने की प्रक्रिया में जुट गए हैं। मौजूदा आरक्षण के अनुरूप गांव में ग्राम प्रधान पद पर आपसी समन्वय से एक प्रत्याशी बनाकर ग्राम पंचायत को समृद्ध बनाने की कवायद में जुटे हैं। भिलंगना ब्लॉक की बासर पट्टी के कफोल गांव के ग्रामीणों ने कोर्ट और सरकार की लड़ाई को दरकिनार करते हुए अपना मुखिया चुन लिया है। कफोल गांव में ग्रामीणों ने बैठक आयोजित कर मौजूदा आरक्षण के अनुरूप सर्वसम्मति से राजेंद्र सिंह परमार को गांव का प्रधान निर्विरोध बनाने पर सहमति बनाई है। बता दें कि कफोलगांव में पृथक उत्तराखंड राज्य बनने के बाद से लगातार निर्विरोध निर्वाचन की प्रक्रिया चली आ रही है। जिस कारण राजेंद्र सिंह परमार को पांचवें निर्विरोध प्रधान की जिम्मेदारी देने की तैयारी हैं।। इस मौके पर कीर्ति सिंह बिष्ट, सोहन बिष्ट, पूर्व बीडीसी सदस्य जितेंद्र कठैत, जसपाल बिष्ट, नरेंद्र बिष्ट, राजपाल बिष्ट मौजूद रहे।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये प्रशिक्षण शुरू

श्रीनगर गढ़वाल। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद द्वारा क्रियान्वित और रेल विकास निगम लिमिटेड समर्थित प्रोजेक्ट प्रगतिः इम्पावरिंग वूमेन के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 14 दिवसीय सूक्ष्म कौशल उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) का शुभारंभ गुरुवार को कीर्तिनगर ब्लॉक के देवली गांव में हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान सरिता देवी और परियोजना अधिकारी दिलीप सिंह कुशवाहा ने किया। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन प्रभावित गांव देवली की महिलाओं को प्रशिक्षण में मोमबत्ती, धूपबत्ती, अगरबत्ती आदि उत्पाद बनाने की तकनीक मुख्य प्रशिक्षक सिखाएंगे। आरवीएनएल ऋषिकेश और ईडीआईआई अहमदाबाद मिलकर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए निपुण बनाने का कार्य कर रही है, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बने और अपना स्वरोजगार स्थापित कर नए अवसरों का लाभ उठाएं। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के परियोजना अधिकारी दिलीप सिंह ने 14 दिवसीय प्रशिक्षण के उद्देश्य और परियोजना के बारे में एवं उद्यमिता अवधारणा और महत्व के बारे में जानकारी दी।

ट्रेनर और मोटीवेटर हिम्मत सिंह रौतेला ने नवाचार, बिजनेस आइडिया, समूह उद्यम के बारे में महिलाओं को बताया। कार्यक्रम में महिलाओं को 6 दिन उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) और 8 दिन उत्पादों पर तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### राज्य आंदोलनकारी कुंजबिहारी के निधन पर दी श्रद्धांजलि

श्रीनगर गढ़वाल। राज्य आंदोलनकारी व पूर्व पालिकाध्यक्ष पौड़ी कुंजबिहारी नेगी का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन पर विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। गढ़वाल विवि स्थापना, पृथक राज्य उत्तराखंड, हिंदी आंदोलन सहित अनेक जन आंदोलनों में दिवंगत नेगी की अग्रणी भूमिका रही है। गुरुवार को आईटीआई घाट पर गढ़वाल विवि के अधिकारियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं गढ़वाल विवि के कुलपति सचिवालय में कुंजविहारी नेगी के निधन पर दो मिनट का मौन रखते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, कुलसचिव डॉ. हरभजन सिंह चौहान, प्रभारी अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. विजयकांत पुरोहित, वित्त अधिकारी डॉ. संजय ध्यानी, डॉ. बीएस भंडारी, जन संपर्क अधिकारी आशुतोष बहुगुणा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णानंद मैठाणी, अनिल स्वामी, अरूण कुकशाल, गणेश, पुष्कर चौहान आदि मौजूद थे।

## विवि ने व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम किए घोषित

नई टिहरी। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय द्वारा एमलिब, बीलिब, डिप्लोमा इन सिनेमेटोग्राफी, डिप्लोमा इन फिल्म ऐडिटिंग, डिप्लोमा इन फिल्म प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन टूरिज्म, डिप्लोमा इन जर्नलिज्म सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये हैं। यह परीक्षाएं विश्वविद्यालय बीती 13 मई से प्रारम्भ कर 10 जून, 2025 तक गढ़वाल मण्डल के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सफलतापूर्वक संपन्न करवाई थी जिसे लेकर विवि के कुलपति प्रो एनके जोशी ने बताया कि इन विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित करते हुये उत्तराखण्ड शासन के जारी शैक्षिक कैलेण्डर के अनुसार परीक्षायें समयानुसार सम्पन्न करवाएंगे। रिकार्ड समय में मूल्यांकन कार्य प्रारम्भ करवाते हुए सफलतापूर्वक निर्धारित समय के अनुरूप सम्पन्न कराया जा रहा है। वर्तमान में विभिन्न मूल्यांकन केन्द्रों पर मूल्यांकन प्रक्रिया युद्धस्तर पर गतिमान है। जोशी ने बताया कि 30 जून तक सभी पाठ्यक्रमों के अन्तिम वर्ष के परीक्षा परिणामों को घोषित किये जाने के निर्देश विश्वविद्यालय के अधिकारियों को दिये गये हैं, साथ ही आगामी 10 जुलाई तक हर–हाल में सभी परीक्षा परिणामों को सार्वजनिक किये जाने के लिये भी विश्वविद्यालय अधिकारियों को कहा गया है।

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड राज्य का पहला विश्वविद्यालय है, जिसने शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुरूप परीक्षा सम्पन्न करायी और परिणाम घोषित करने के लिये प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय में 65 से अधिक व्यावसायिक एवं 25 से अधिक आधारभूत पाठ्यक्रमों का संचालन विभिन्न राजकीय व अशासकीय महाविद्यालयों एवं स्ववित्त प्रोषित संस्थानों में किया जा रहा है। छात्रों के भविष्य के दृष्टिगत परिणामों पर भी विशेष फोकस विश्वविद्यालय का रहा है। छात्र संख्या एवं सम्बद्ध संस्थानों की दृष्टि से श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय प्रदेश का सबसे बडा विश्वविद्यालय है, जिसमें न केवल विभिन्न परम्परागत पाठ्यक्रम बल्कि सम्बद्ध महाविद्याल व स्ववित्त पोषित संस्थानों में विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। पड़ोसी देशों के छात्र भी विवि में अध्ययनरत श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों में देश के विभिन्न राज्यों के साथ ही नेपाल, भूटान तथा अन्य पडोसी देशों के छात्र–छात्रायें भी अध्ययनरत हैं। परीक्षा परिणाम घोषित करने पर विश्वविद्यालय के सहायक परीक्षा नियंत्रक डा हेमन्त बिष्ट ने बताया कि विश्वविद्यालय वार्षिक शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुपालन के लिये कटिबद्ध है तथा छात्र–छात्राओं की हर समस्याओं के समाधान के लिये सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि छात्रों के लिये सेवा प्रदत्ता के रूप में कार्य कर रहा है एवं छात्र–छात्राओं से जुड़ी प्रत्येक समस्या का त्वरित समाधान प्रत्येक स्तर से किया जा रहा है। छात्रों की हर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। परीक्षा परिणामों को प्राथमिकता के आधार पर घोषित किया जा रहा है, जिससे छात्र–छात्राओं को अन्य कक्षाओं में प्रवेश लेने में समस्या न हो। जिन संस्थानों ने अभी तक सम्बद्धता को निरीक्षण नही करवाया तथा फैकल्टी अनुमोदन नहीं किया है। उनका परीक्षा परिणाम रोक दिया गया है।

## बीकेटीसी के नवनियुक्त सदस्य का किया जोरदार स्वागत



नई टिहरी। भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री,बीसूका के पूर्व जिला उपाध्यक्ष दिनेश डोभाल के बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति का सदस्य बनने पर व्यापारियों से लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

कहा कि डोभाल के दायित्व मिलने से पार्टी के समर्पित अन्य कार्यकर्ताओं में भी जोश भरा है। वीरवार को आगराखाल, चंबा, नई टिहरी में व्यापारियों ने बीकेटीसी के सदस्य बने दिनेश डोभाल का फूल–मालाओं और डोल–नगाड़ों से जोरदार स्वागत किया।

इसके बाद भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष उदय रावत,पूर्व अध्यक्ष राजेश नौटियाल,ऋषिकेश की पूर्व मेयर अनीता ममगाईं,पालिकाध्यक्ष शोभनी धनोला,मंडल अध्यक्ष विजय कठैत,नीरज खत्री, पूर्व प्रमुख सुनीता देवी, आनंदी नेगी,सभासद मधु भट्ट आदि ने उनका स्वागत किया। दिनेश डोभाल ने कहा कि वह लगातार ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से पार्टी का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो कार्यकर्ताओं का ख्याल रखती है। इस मौके पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष भगवान सिंह रावत,महामंत्री मनोज चमोली, विक्रम चौहान, शीशराम थपलियाल, अब्दुल अतीक,ज्योति डोभाल, करम सिंह तोपवाल, प्रकाश डोभाल, कुलदीप चौहान,विमल रावत,मायाराम थपलियाल,अजय गुप्ता, विजय रावत, किशोरी लाल चमोली, तौफिक अहमद, असगर अली आदि मौजूद थे।

### एसबीआई शाखा श्रीनगर ने किया 55 यूनिट रक्तदान

श्रीनगर गढ़वाल। गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के टीचिंग बेस चिकित्सालय में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) श्रीनगर शाखा द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लोगों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग कर स्वैच्छिक रूप से 55 यूनिट रक्तदान किया गया,जिसे ब्लड बैंक को सुपुर्द किया गया। शाखा प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने कहा कि किसी का जीवन बचाने के लिए रक्तदान करना जरुरी है। कहा कि ब्लड डोनेट करके लोगों की मदद की जा सकती है। रक्तदान महादान है, इसे जीवनदान माना जाता है। रक्तदान न केवल अन्य व्यक्ति के जीवन को बचाता है, बल्कि यह रक्त देने वाले को स्वस्थ बनने में भी मदद करता है, इसलिए यह दोनों के लिए फायदेमंद है।

इस मौके पर शाखा के दिनेश बिष्ट, गौरव बहुगुणा, अनील बिष्ट, हेमा, आस्था भंडारी आदि मौजूद थे।

## बेस चिकित्सालय श्रीनगर में मनाया गया नशा निषेध दिवस

श्रीनगर गढ़वाल। राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के टीचिंग बेस अस्पताल में गुरुवार को नशा निषेध दिवस पर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अस्पताल परिसर में विभिन्न जागरूकता आयोजित गतिविधियों में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और मेडिकल छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय विक्रम सिंह ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं बल्कि पूरे समाज को खोखला करता है। इसके रोकथाम के लिए सबको मिलजुलकर कार्य करना होगा। बेस चिकित्सालय के मनो चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मोहित सैनी ने नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव, मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव, पुनर्वास सेवाओं और परामर्श विकल्पों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही नशे की अवैध तस्करी के बारे में भी जानकारी दी।

मनोचिकित्सा विभाग के डॉ. पार्थ दत्ता द्वारा विभाग में पिछले सालों में नशे से संबंधित मरीजों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कहा कि पिछले सालों में विभाग में नशे सम्बन्धी मरीजों को संख्या बढ़ी है। कहा कि अस्पताल के मनोरोग विभाग की ओर से एक विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किया गया।

उपस्थित लोगों को नशा छोड़ने के लिए परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. इंद्रा यादव, डॉ. दीपा हटवाल, डॉ. मोहित कुमार, अनिल उनियाल आदि मौजूद थे।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं. | T-05-TRD-MB-25-26 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के खुर्जा–हापुड़ खंड पर हाफिजपुर स्टेशन पर बैलास्ट साइडिंग के प्रावधान के संबंध में टी.आर.डी कार्य। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक व समय | 17.07.2025, 15:00 Hrs. |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹60,76,624.71/- (Including GST @ 18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | ₹1,21,500/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 दिन |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 06 माह |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in<br>कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं.: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-03 दिनांक: 25.06.2025 1917/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 70-DRM-MB-25-26 DATE 26.06.2025 | 71-DRM-MB-25-26 DATE 26.06.2025 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Zone Work from km 1235 to 1284 (SPN-TSA Stations) for General work for service Buildings for year 2025-2026 in the section of SSE/W/SPN under ADEN/SPN | Zone Work from km 1235 to 1284 (SPN-TSA Stations) for General work for residential Buildings for year 2025-2026 in the section of SSE/W/SPN under ADEN/SPN |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 21.07.2025 16:00 | 21.07.2025 16:00 |
| अनुमानित लागत | 99,89,253.91 | 1,19,92,532.86 |
| धरोहर राशि | 1,99,800.00 | 2,10,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 07.07.2025 | 07.07.2025 |
| टेन्डर फार्म की लागत | 00.00 | 00.00 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 Months | 12 Months |

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक 26.06.2025 1931/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### तहसील परिसर में जुआ खेलते वीडियो/फोटो वायरल

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने कार्यालय में जुआ खेल रहे राजस्व कार्मिक की फोटो/वीडयो वायरल होने पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी चकराता/कालसी/ त्यूनी से जांच कराई। जांच में दोषी पाए जोन पर डीएम ने सम्बन्धित कार्मिक के विरूद्ध त्वरित एक्शन लेते हुए राजस्व उप निरीक्षक त्यूनी को निलम्बित कर दिया है। तहसील त्यूनी परिसर में मैन गेट पर राजस्व कर्मियों की सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो कि खबर प्रकाशित की गई है डीएम ने उप जिलाधिकारी चकराता को वायरल वीडियों के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी कालसी/ चकराता/ त्यूनी द्वारा प्रश्नगत प्रकरण की जॉच आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। शिकायत पर उप जिलाधिकारी कालसी / चकराता / त्यूनी द्वारा प्रकरण में प्रेषित आख्या में उल्लेख किया कि तहसील कर्मियों द्वारा तहसील परिसर में ही ताश/जुआ खेला जा रहा था, जिसका मुख्य खिलाड़ी राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र रायगी स्पष्ट दिखायी दे रहा है, साथ ही उक्त प्रकरण का सोशल मीडिया एवं दैनिक समाचार पत्रों में भी खबरें प्रकाशित हुई है। प्रकरण में प्रथम दृष्टया राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र रायगी, तहसील त्यूनी की संलिप्तता स्पष्ट उजागर हो रही है। ऐसे कृत्य से आम जन मानस में विभाग / प्रशासन की छवि धूमिल हुई है। राजस्व उप निरीक्षक के विरूद्ध विभागीय आचरण नियमों के उल्लघंन करने पर तत्काल प्रभाव से उचित कार्यवाही किये जाने हेतु डीएम को आख्या प्रेषित की गई।

## अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने की विभागीय कार्य योजना की समीक्षा

देहरादून। अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डा0 गीता खन्ना की अध्यक्षता में आईसीडीएस सभागार में बच्चों में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति की रोकथाम, उपचार व पुनर्वास से संबंधित उपायों की समीक्षा हेतु ज्वाइंट एक्शन प्लान की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बाल आयोग के सचिव डा0 शिव कुमार बरनवाल ने बच्चों में बढ़ती नशे की प्रवृति पर आयोग द्वारा पूर्व से किए गए कार्योंऔर वर्तमान में संचालित कार्योंको साझा करने को कहा। बैठक में राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के संयुक्त निदेशक डा0 एसडी बर्मन ने बच्चों में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति के उपचार के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी दी, जिसमें उनके द्वारा टेली–मानस टोल फ्री नम्बर– 14416 के बारे में बताया गया और कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु के उपरान्त उत्तराखंड में ई–मानस के लांच किये जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों का सेवन करने वाले 13 प्रतिशत बच्चे एवं किशोर है, जिसमें से 20 वर्ष से कम आयु के मात्र 5 प्रतिशत लोग ही उपचार की तलाश करते है, जो कि संख्या में काफी कम है।

बैठक में एनएचएम, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण, खाद्य सुरक्षा, औषधि नियंत्रक, नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो, महिला कल्याण, शिक्षा विभाग और नशे के विरूद्ध काम कर रहे एनजीओ द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें उनके द्वारा अपने विभागीय प्रयासों और भविष्य की कार्ययोजना से अवगत कराया गया। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी स्कूलों में नशा मुक्ति पहरी क्लब को क्रियान्वित किया जाए। आबकारी विभाग स्कूलों के पास मदिरा की दुकानों को कतई अनुमति न दें। महिला कल्याण एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा पुनर्वास कार्यक्रमों और बचाव कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों में बढ़ती नशे की लत के उपचार हेतु भविष्य की रणनीति पर प्रकाश डाला। बैठक में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े सभी जनपदों द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में किये जा रहे कार्योंतथा वर्तमान में आ रही चुनौतियों से अवगत कराया।

# श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में पुलिस ने दिलाई नशा न करने की शपथ




नई टिहरी। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर देवप्रयाग थाना पुलिस ने छात्रों व कर्मचारियों को सभी प्रकार के नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इस मौके पर एसआई प्रदीप बिष्ट ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी बुरी तरह नशे की चपेट में आ रही है। उचित परामर्श, मार्गदर्शन से इसको रोका जा सकता है। प्राध्यापक डॉ शैलेन्द्र नारायण कोटियाल ने कहा कि हमारे धर्म शास्त्रों में भी नशे से दूर रहने की शिक्षा दी गयी है। नशे से बचाने में धार्मिक शिक्षा कारगर बन सकती है। प्रभारी निदेशक डॉ ब्रह्मानंद मिश्रा ने कहा कि नशा केवल इसके उपभोक्ता के जीवन को ही नहीं बल्कि उसके परिवार को भी दुष्प्रभावित करता है।एक बार नशे की दलदल में धंसने के बाद लौटना मुश्किल होता है। इस अवसर पर छात्रों, अध्यापकों तथा कर्मचारियों ने नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में डॉ अरविन्द सिंह गौर, डॉ पंकज कोटियाल, डॉ सुधांशु वर्मा, डॉ शैलेन्द्र उनियाल, डॉ धनेश, डॉ मनीष शर्मा, डॉ सुशील प्रसाद बडोनी व सिपाही विक्रम सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनिल कुमार ने किया।

### पौडी के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के निधन पर महाराज ने दु:ख जताया

देहरादून। प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोकनिर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने पौडी के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कुंज बिहारी नेगी के असामायिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि पौडी के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष 85 वर्षीय कुंज बिहारी नेगी के असामायिक निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। उनके निधन से समाज को एक सच्चे सेवक की कमी महसूस होगी।

उनके द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा और उनके आदर्शों से हमें प्रेरणा मिलती रहेगी।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com